## चौराहों पर ग्रीन शेड लगाए, गर्मी इतनी कि गैंडे, बाघ और हाथी भी बेहाल, 50 शहरों में लू चल रही

# यूपी में पारा 46 डिग्री सेल्सियस पार



■ इटावा सफारी पार्क में स्प्रिंकलर लगाए गए हैं। बब्बर शेर पानी में नहाकर राहत लेते नजर आए।

**अलर्ट**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ/ वाराणसी/ प्रयागराज/ कानपुर। यूपी भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। रविवार को पूरे प्रदेश में तेज धूप निकली। 50 से ज्यादा शहरों में गर्म हवाएं चल रही हैं। सड़कों पर सन्नाटा है। लखनऊ में चौराहों पर ग्रीन शेड लगाए गए हैं। ताकि सिग्नल पर रेड नाइट होने पर लोग धूप में न खड़े हों।

भीषण गर्मी से बिजनौर के अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघ और हाथी बेहाल हो गए। दिनभर तालाब के आसपास ही घूमते रहे। लखीमपुर-खीरी के दुधवा नेशनल पार्क में गैंडा तालाब में बैठकर दिन काट रहा है। शाम होने पर ही बाहर निकल रहा है। आज 54 जिलों में हीटवेव (लू) का अलर्ट है। इनमें से 10 जिलों के लिए रेड अलर्ट है। यानी यहां झुलसाने वाली गर्म हवाएं चलेंगी। इसके अलावा पश्चिमी यूपी के 24 जिलों में आंधी-बारिश का भी अलर्ट है। मौसम विभाग ने कल से शुरू हो रहे नौतपा में भी आंधी और बारिश की आशंका जताई है। हालांकि, मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि नौतपा और तपाएगा।




इससे पहले, शनिवार को बांदा 46.2C के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। प्रयागराज में 46C, झांसी में 44.9C, वाराणसी 44.7C और हमीरपुर 44.7C रिकॉर्ड किया गया। गाजियाबाद में हल्की बारिश हुई। मथुरा , अयोध्या, बाराबंकी और गोंडा में आंधी चली।

देश के कई हिस्सों में तापमान 45C चल रहा है।



**मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-अगले तीन दिनों के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट है। इसके बाद ऑरेंज अलर्ट प्रभावी रहेगा। पंजाब से लेकर दक्षिणी पश्चिमी राजस्थान तक एक विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसका असर पश्चिमी यूपी पर पड़ेगा। इससे कहीं-कहीं बादल गरजने, ओले गिरने, झोंकेदार हवाएं चलने और छिटपुट बारिश की संभावना बनेगी।**

### भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए चौराहों पर ग्रीन शेड लगवाए

लखनऊ में भीषण गर्मी के बीच ट्रैफिक पुलिस ने पहल की है। हजरतगंज में राहगीरों और ट्रैफिक सिग्नल पर रेड लाइट पर रुकने वालों को राहत देने के लिए चौराहों पर ग्रीन नेट लगाया है। इससे लोगों के ऊपर सीधी धूप नहीं पड़ रही, जिससे राहत मिली है। आज रविवार को दोपहर में तापमान 42C तक पहुंच गया है।

### लखनऊ में वार्म नाइट का अलर्ट, दिन में 45 डिग्री पहुंच सकता है पारा

लखनऊ में आज वार्म नाइट का अलर्ट है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज अधिकतम तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहने की संभावना है। लोगों को सावधान रहने की सलाह दी गई है। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों का विशेष ख्याल रखने को कहा है।

इसमें अपच और एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

### अगले 5 दिन कैसा रहेगा मौसम?

- **25 मई:** पश्चिमी यूपी में 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं चलेंगी। पूर्वी यूपी में तेज धूप निकलेगी।
- **26 मई:** पूरे यूपी में तेज धूप निकलेगी। लू चलने की संभावना है। पूर्वी यूपी में धूल भरी आंधी चल सकती है।
- **27 मई:** पूरे यूपी में प्रचंड गर्मी पड़ेगी। ज्यादातर जिले लू की चपेट में रहेंगे। पूर्वी यूपी में बारिश के आसार हैं।
- **28 मई:** पूर्वी और पश्चिमी यूपी में लू चलेगी। गर्मी के तेवर और सख्त होंगे। 40 की रफ्तार से हवा चलेगी।
- **29 मई:** पूरे प्रदेश में आंधी-बारिश के आसार हैं। तापमान में गिरावट आएगी। हालांकि, उमस बरकरार रहेगी।

**फास्ट न्यूज**

### गोरखपुर की 3 सड़कें बनेंगी स्मार्ट

गोरखपुर। नगर निगम गोरखपुर ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सीएम ग्रिड सड़क योजना फेज-04 के तहत महानगर की तीन प्रमुख सड़कों का चयन कर लिया है। इन सड़कों के प्रस्ताव को नगर विकास विभाग लखनऊ स्थित यूरीडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को भेजने की तैयारी की जा रही है। चयनित सड़कों की कुल लंबाई 3263 मीटर है, जिनके निर्माण और विकास पर लगभग 101 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

### इरफान हत्याकांड: अतीक का शूटर उगलेगा राज

प्रयागराज। प्रयागराज में माफिया अतीक के शूटर और अशरफ के गनर रहे प्रॉपर्टी डीलर इरफान(45) की हत्या के मास्टरमाइंड आसिफ दुर्रानी को पुलिस जल्द ही कस्टडी रिमांड पर लेगी। उससे हत्या के राज तो उगलवाएगी ही, वारदात में इस्तेमाल की गई पिस्टल भी बरामद करेगी। इसके लिए करेली पुलिस ने कोर्ट में अर्जी दे दी है। इस पर 25 मई को सुनवाई होनी है। बता दें कि इरफान हत्याकांड का मास्टरमाइंड आसिफ दुर्रानी 20 मई को एक दूसरे मामले में जेल गया था। जबकि इरफान हत्याकांड में पुलिस के साथ ही एसओजी भी उसकी तलाश में लगी थी।

### चीफ इंजीनियर-एसई रात भर फील्ड में रहे

गोरखपुर। रुस्तमपुर क्षेत्र में शुक्रवार की पूरी रात लोगों को बिजली आपूर्ति बाधित होने से समस्या का सामना करना पड़ा। गर्मी से परेशान लोगों ने हंगामा कर दिया और हाईवे जाम करने की कोशिश की। जिसके बाद मुख्य अभियंता पंकज अग्रवाल और अधीक्षण अभियंता (एसई) शहर रणजीत चौधरी रात भर फील्ड में रहे। एक-एक जगह चेक कराने के बाद बरहुआ स्थित ट्रांसमिशन उपकेंद्र में गड़बड़ी मिली।

## चंदापुर थाना क्षेत्र के जनई में सात घर जलकर राख

### अज्ञात कारणों से लगी आग, दमकल व ग्रामीणों ने पाया काबू

**तमसा संकेत, एजेंसी**



(महराजगंज), रायबरेली। रायबरेली के महाराजपुर मजरे जनई गांव में रविवार दोपहर भीषण आग लग गई। अज्ञात कारणों से लगी इस आग में चौकीदार सहित सात घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। दमकल कर्मियों और ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

चंदापुर थाना क्षेत्र के महाराजपुर मजरे जनई गांव में रविवार दोपहर करीब 2 बजे चौकीदार के घर में अचानक आग लग गई। तेज धूप और हवाओं के कारण आग की लपटें तेजी से फैलीं और देखते ही देखते सात पड़ोसी घरों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास करने लगी। महराजगंज और रायबरेली से पहुंची दमकल की गाड़ियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया। इस दौरान चौकीदार, सजन, राम लखन, राम दास, कलावती और दशरथ के घरों का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उपजिलाधिकारी चंद्रप्रकाश गौतम के निर्देश पर राजस्व टीम भी मौके पर पहुंची और नुकसान का आकलन शुरू किया। उपजिलाधिकारी चंद्रप्रकाश गौतम ने बताया कि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### चालक गंभीर सीएचसी में परिजनों का हंगामा, पुलिस प्रशासन के खिलाफ लगे नारे

# तेज रफ्तार बोलेरो और बाइक की भीषण भिड़ंत में दो भाइयों की मौत

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में रविवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। तेज रफ्तार बोलेरो और बाइक की आमने-सामने हुई भीषण भिड़ंत में बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गई, जबकि बोलेरो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद गांव में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना से आक्रोशित लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सूरतगंज में जमकर हंगामा करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के फूलपुर गांव निवासी इस्लामुद्दीन (25) पुत्र हनीफ अपने छोटे भाई एखलाशुद्दीन (22) के साथ रविवार को मोटरसाइकिल से फतेहपुर साइड दवा लेने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही उनकी बाइक मोहम्मदपुर खाला चौराहे पर स्थित महावीर गोल्ड स्टोर के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों भाई करीब दस मीटर दूर जा गिरे। हादसे में एखलाशुद्दीन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल इस्लामुद्दीन को एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी सूरतगंज लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। वहीं बोलेरो चालक आलोक सिंह पुत्र स्वर्गीय राम दुलारे भी हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया।



**इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि बाइक और बोलेरो की भिड़ंत में दो लोगों की मौत हुई है, जिनमें एक की मौत घटनास्थल पर और दूसरे की मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान हुई। बोलेरो चालक घायल है, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।**



### पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई

पुलिस अधिकारियों ने लगातार लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया, जिसके बाद मामला शांत हो सका। मृतक एखलाशुद्दीन अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। परिवार में उसकी पांच बहनें हैं, जिनमें से एक की शादी हो चुकी है जबकि चार बहनों की शादी अभी बाकी है। वहीं इस्लामुद्दीन शादीशुदा था और उसके दो छोटे बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा और एक बेटी शामिल हैं। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अयोध्या में बस, ट्रक और ट्रैक्टर में हुई टक्कर, दो की हालत गंभीर

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अयोध्या। अयोध्या में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बस, ट्रक और ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा के सुरक्षा कर्मी और पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज भेजा गया। यहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा रविवार सुबह कुमारगंज थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर माइलस्टोन 77 के पास हुआ है।

डॉक्टरों ने जांच के बाद अयोध्या पटेल (60) निवासी सरसावा, थाना गोपालपुर, जिला चंपारण बिहार, रामचंदर (45) पुत्र रामनाथ निवासी जमखुरी, थाना लंभुआ, जिला सुल्तानपुर और एक अज्ञात व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया।

वहीं, हादसे में गंभीर रूप से घायल राम प्रकाश तिवारी (58) पुत्र शिव बालक निवासी भवानीपुर, थाना संग्रामपुर, जिला मोतिहारी बिहार और मीरा देवी (48) पत्नी दरोगा निवासी मान चौक कोटवा बाजार, जिला मोतिहारी बिहार को प्राथमिक उपचार के बाद दर्शननगर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर थानाध्यक्ष इनायतनगर रतन शर्मा, प्रभारी थानाध्यक्ष कुमारगंज नूतन स्वरूप और हलियापुर थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरि पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस मृतकों के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।



> **पुलिस के मुताबिक, जिस जगह हादसा हुआ वहां लगे हाईवे के सीसीटीवी कैमरे बंद थे। यदि कैमरे चालू होते तो दुर्घटना की वजह और पूरा घटनाक्रम स्पष्ट हो सकता था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।**

# सिंधिया घाट पर गंगा स्नान करते समय डूबा युवक

**तमसा संकेत, एजेंसी**

वाराणसी। वाराणसी के सिंधिया घाट पर रविवार को गंगा स्नान के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बरेली जिले के सहुकारा निवासी 22 वर्षीय किशन के रूप में हुई है। वह अपने साथी कुनाल के साथ बाबा विश्वनाथ के दर्शन और वाराणसी भ्रमण के लिए आया था।

बताया गया कि किशन हरियाणा में रहकर फ्लिपकार्ट कंपनी में काम करता था और परिवार का पूरा खर्च उठाता था। उसके परिवार में मां और दो छोटी बहनें हैं। परिजनों के अनुसार, उसने पांच दिन पहले ही नौकरी से इस्तीफा दिया था।

किशन दोपहर 12 बजे अपने साथी के साथ दशाश्वमेध घाट के बगल सिंधिया घाट पहुंचा जहां स्नान स्थल पर बैरिकेडिंग लगा है लेकिन वह उसके पार जाकर स्नान करने लगा। लेकिन कुछ ही देर में वह अचानक गहरे पानी में चला गया और चिल्लाने लगा।

आस-पास के लोगों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन वह डूब गया था। उसके दोस्त ने बताया कि वह बाबा विश्वनाथ ने अच्छी नौकरी की कामना करने के लिए यहां आया था लेकिन उससे पहले ये सब हो गया। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### पिता के निधन के बाद घर की जिम्मेदारी थी, बाबा विश्वनाथ से अच्छी नौकरी की कामना करने आया था



किशन, मृतक

**सूचना पर एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है परिवार को सूचना दे दी गई है।**

**घटना :** गोताखोरों ने रेस्क्यू कर मौसी को बचाया, छुट्टी में ननिहाल घूमने आए थे

# सरयू में डूबने से भाई-बहन की मौत

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोरखपुर । गोरखपुर में सरयू में डूबने से मासूम भाई-बहन की मौत हो गई। जबकि मौसी को गोताखोरों ने रेस्क्यू करके बचा लिया है। बच्चे मंदिर के पास नदी में नहाने गए थे। संतुलन बिगड़ने से तीनों करीब 40 फीट गहरे पानी में चले गए। बच्चों को डूबता देख घाट पर मौजूद एक बच्ची ने शोर मचाया। शोर सुनकर वहां मौजूद लोगों ने नदी में छलांग लगा दी।

नदी से एक किशोरी और एक बच्चे को बाहर निकाला गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। जबकि किशोरी का इलाज जारी है। तीसरी बच्ची का शव करीब दो घंटे बाद गोताखोरों की मदद से नदी से निकाला जा सका। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान ग्राम उसरी थाना सिकरीगंज निवासी प्रिंस (11) पुत्र ओमकार और शिवानी (13) पुत्री ओमकार के रूप में हुई है। वहीं मेहड़ा निवासी माया (16) पुत्री विष्णु का अस्पताल में इलाज जारी है। मामला गोला थाना क्षेत्र का है। विनिता की ससुराल ग्राम उसरी थाना सिकरीगंज में है। गोला थाना क्षेत्र के मेहड़ा गांव में स्कूलों में छुट्टी के बाद विनीता बच्चों प्रिंस (11) और शिवानी (13) के साथ अपने मायके आई थी। रविवार सुबह 9 बजे दोनों बच्चे अपनी मौसी माया (16) के साथ गांव के बाहर हनुमान मंदिर घूमने गए थे। वहां सभी दर्शन करने के बाद नहाने चले गए। वहां नहाते समय अचानक प्रिंस का पैर फिसल गया। तभी उसकी बहन शिवानी उसे बचाने के लिए आगे बढ़ी। लेकिन वह भी वहां फंस गई। उनके साथ आई मौसी माया भी चिल्लाने लगी और उन्हें बचाने के लिए दौड़ी। वह भी डूबने लगी और करीब 40 फुट गहरे पानी में चली गई।





**मौके पर मौजूद लोगों ने तीसरी बच्ची की तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चला। बाद में स्थानीय गोताखोरों की मदद से करीब दो घंटे बाद शिवानी को नदी से बाहर निकाला गया। उसे भी सीएचसी गोला भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।**

### दो घंटे बाद मिला शिवानी का शव

घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह एवं तहसीलदार सत्येंद्र कुमार मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया- भाई-बहन के शव गोताखोरों की मदद से बरामद कर लिया गया है। जिसके बाद कानून कार्रवाई करने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### जेवरात के साथ लाइसेंसी रिवॉल्वर ले गए चोर

प्रयागराज। प्रयागराज के करेली इलाके में किराए के मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सामान और लाइसेंसी रिवॉल्वर चोरी किए जाने का मामला सामने आया है।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। उधर लाइसेंसी हथियार चोरी होने से इसके दुरुपयोग की भी आशंका है। पुलिस के मुताबिक, मोहतिशिमगंज निवासी एखलाक अहमद वर्तमान में करेली के जीटीबी नगर स्थित मकान नंबर A-692 में किराए पर रह रहे थे। उन्होंने बताया कि 21 मई को वह परिवार समेत दूसरे मकान में शिफ्ट हो रहे थे। कुछ सामान नए मकान में पहुंचाने के बाद परिवार के लोग वहीं सोने चले गए, जबकि बाकी सामान पुराने किराए के मकान में रखा हुआ था। आरोप है कि 22 मई की तड़के करीब 3:50 बजे अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़ दिया और अंदर रखा सोने-चांदी का सामान चोरी कर लिया।

## जिलाधिकारी के आदेश पर आवारा कुत्तों का वैक्सीनेशन अभियान शुरू

### मीरानपुर और आसपास के क्षेत्रों में नगर पालिका की कार्रवाई



**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। जिलाधिकारी ईशा प्रिया के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद अकबरपुर द्वारा मीरानपुर तथा आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत की गई है।

नगर पालिका परिषद अकबरपुर की टीम ने अभियान के दौरान गाड़ी एवं जाल की मदद से क्षेत्र में घूम रहे आवारा कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकड़ा। इस कार्रवाई में आज दो आवारा कुत्तों को पकड़कर आवश्यक प्रक्रिया के लिए भेजा गया। पकड़े गए कुत्तों को पशु क्रूरता निवारण नियमों का पालन करते हुए स्वास्थ्य जांच और एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन के लिए पशु चिकित्सा केंद्र भेजा गया है।

अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान जनहित और नागरिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चलाया जा रहा है और इसे आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा। यह कार्य अधिशाषी अधिकारी बीना सिंह के निर्देशों में संचालित किया जा रहा है।

गैंगस्टर एक्ट में तीन लाख की अर्धनिर्मित संपत्ति कुर्क, गांव में मुनादी के बीच चली कार्रवाई

# गोकशी से बनाई संपत्ति पर प्रशासन का प्रहार

**कार्रवाई**

बृजेंद्र वीर सिंह



- अधिकारियों की मौजूदगी में चला अभियान
- कार्रवाई के दौरान गांव में सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रखी गई थी, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।
- प्रशासन की चेतावनी- हस्तक्षेप किया तो होगी कार्रवाई

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जिले में अपराध से अर्जित अवैध संपत्तियों के खिलाफ प्रशासन ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। थाना अहिरौली क्षेत्र में गोकशी से अर्जित धन से बनाई गई संपत्ति पर शुक्रवार को पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब तीन लाख रुपये मूल्य की अर्धनिर्मित संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क कर लिया। कार्रवाई के दौरान गांव में मुनादी कराई गई और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में संपत्ति को राज्य सरकार के पक्ष में जब्त कर लिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि कुर्क की गई संपत्ति में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप करने या कब्जा करने का प्रयास किया गया तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जनपद में लगातार हो रही इस तरह की कार्रवाइयों को प्रशासन अपराधियों के आर्थिक नेटवर्क पर प्रहार के रूप में देख रहा है।

## गांव में पहुंची संयुक्त टीम, मुनादी के बाद हुई कार्रवाई

जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में शुक्रवार को पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ग्राम असन्दा पाण्डेय पैकौली पहुंची। यहां अभियुक्त इबरार उर्फ गुड्डू पुत्र हलीम तथा कल्लू पुत्र इबरार द्वारा बनवाए जा रहे अर्धनिर्मित मकान और पिलर को कुर्क करने की प्रक्रिया पूरी की गई। कार्रवाई के दौरान गांव में मुनादी कराकर लोगों को प्रशासनिक आदेश की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से घोषित किया कि उक्त संपत्ति अपराध से अर्जित धन से बनाई गई है, जिसे राज्य सरकार के पक्ष में जब्त किया जा रहा है।

**पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी और क्षेत्राधिकारी भीटी के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुई। मौके पर प्रभारी तहसीलदार राज कपूर, थानाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी, राजस्व विभाग की टीम और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।**

## गोकशी से कमाए धन से तैयार हो रही थी संपत्ति

पुलिस के मुताबिक दोनों अभियुक्तों के खिलाफ थाना अहिरौली में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि गोकशी जैसे संगठित अपराधों से अर्जित अवैध धन का इस्तेमाल मकान निर्माण में किया जा रहा था। इसी आधार पर प्रशासन ने गैंगस्टर एक्ट के प्रावधानों के तहत संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई अमल में लाई। अधिकारियों का कहना है कि अपराध से अर्जित संपत्तियों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाले तत्वों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार कठोर कदम उठाए जाते रहेंगे।

# घर पर धावा : दस लाख के जेवर और नकदी लेकर फरार हुए बदमाश

## कनपटी पर पिस्तौल लगाकर कमरे से निकलवाए रुपये

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। अम्बेडकरनगर। मालीपुर थाना क्षेत्र के कजरी नंदापुर गांव में शनिवार रात बदमाशों ने एक घर में घुसकर लाखों रुपये की चोरी और लूट की वारदात को अंजाम देकर इलाके में दहशत फैला दी। बदमाश घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और कीमती कपड़े लेकर फरार हो गए। जाते समय उन्होंने परिवार के एक युवक की कनपटी पर पिस्तौल सटाकर नकदी भी निकलवा ली। घटना के बाद परिवार के लोगों में भय और दहशत का माहौल है।

पीड़ित अनुज कुमार चौहान ने मालीपुर थानाध्यक्ष को दी गई तहरीर में बताया कि घटना 23 मई की रात लगभग 1 बजकर 55 मिनट की है। परिवार के लोग घर में सो रहे थे, तभी चार बदमाश घर में घुस आए।





सभी के चेहरे ढके हुए थे और उनकी उम्र करीब 20 से 30 वर्ष के बीच बताई गई है। परिवार ने बताया कि वारदात के दौरान बदमाशों ने अनुज कुमार चौहान के भांजे विशाल की कनपटी पर पिस्तौल लगा दी। इसके बाद उसे धमकाते हुए उनकी माता के कमरे तक ले गए और वहां रखे 13 हजार रुपये तथा करीब ढाई लाख रुपये नकद निकलवा लिए।

घटना के दौरान परिवार के लोग भय के कारण विरोध नहीं कर सके। बदमाश वारदात को अंजाम देने के बाद आराम से फरार हो गए।

### अलमारी और कमरों को खंगालते रहे बदमाश

परिवार के अनुसार बदमाश काफी देर तक घर के अंदर बेखौफ होकर कमरों और अलमारी को खंगालते रहे। बदमाश सोने के हार, चार कंगन, सोने की कील, नथुनी, बिंदी, मंगलसूत्र समेत अन्य कीमती आभूषण उठा ले गए।

इसके अलावा करीब दो किलो चांदी के आभूषण भी चोरी कर लिए गए। इनमें पावजेब, करधन, तीन पायल, चाँलकी इट, हसुनी, कड़ा, छह लच्छा और हवेल शामिल बताए गए हैं। बदमाश घर में रखे कीमती कपड़े भी एक बैग में भरकर अपने साथ ले गए।

**फास्ट न्यूज**

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

बाराबंकी। बाराबंकी के सफदरगंज थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर बावली चौराहे के पास हुई, जब एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

मृतकों की पहचान इचोलिया गांव निवासी अभिषेक कुमार और रिंकू कश्यप के रूप में हुई है।

### सड़क सुरक्षा सद्भावना कप में डॉक्टर्स इलेवन की शानदार शुरुआत

अंबेडकरनगर। अकबरपुर के रगड़गंज स्थित वीसीए मैदान में आराध्या श्री फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सड़क सुरक्षा सद्भावना कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज रविवार को रोमांचक मुकाबले के साथ हुआ। उद्घाटन मैच में डॉक्टर्स इलेवन ने टीचर्स इलेवन अंबेडकरनगर को 4 विकेट से हराकर प्रतियोगिता में विजयी शुरुआत की। मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों के साथ मौजूद खेल प्रेमियों में भी खास उत्साह देखने को मिला।

### बाराबंकी में बांस जंगल में लगी आग

बाराबंकी। बाराबंकी के मधनापुर गांव स्थित एक निजी बांस के जंगल में शनिवार को आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि इसने आसपास के खेतों तक खतरा पैदा कर दिया। दमकल टीम और ग्रामीणों की मदद से करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

ग्राम पंचायत मधनापुर में शनिवार शाम करीब 6 बजे बांस के जंगल में आग लगी।

# पूर्व विधायकों ने कार्यकर्ताओं को दिया बूथ स्तर तक सक्रिय होने का मंत्र

## 16 शक्ति केंद्रों पर एक साथ हुई संगठनात्मक बैठकें

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक गतिविधियों को तेज कर दिया है। रविवार को भाजपा मंडल जहांगीरगंज की ओर से एक साथ 16 शक्ति केंद्रों पर बैठक आयोजित कर संगठन की मजबूती, बूथ प्रबंधन और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठकों में पार्टी पदाधिकारियों और पूर्व विधायकों ने कार्यकर्ताओं से अभी से गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद स्थापित करने का आह्वान किया। गनपतपुर शक्ति केंद्र पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक त्रिवेणी राम ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को मिशन 2027 की तैयारी अभी से शुरू कर देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर जाकर केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वयं सहायता समूह, हर घर शौचालय और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। कार्यकर्ताओं को इन योजनाओं के लाभार्थियों से लगातार संपर्क बनाए रखने की जरूरत है। भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद उपाध्याय ने शासन की योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि आज हर पात्र व्यक्ति को बिना भेदभाव उसका अधिकार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाएं धरातल पर दिखाई दे रही हैं, जबकि पूर्ववर्ती सरकारों में अधिकांश योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रहती थीं।

# ई-ग्राम स्वराज में लापरवाही पर कार्रवाई 10 पंचायत सचिवों की वेतन वृद्धि रोकी

## ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था की अनदेखी पड़ी भारी, डीपीआरओ ने दिखाई सख्ती

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के भुगतान और ऑनलाइन प्रक्रिया में लापरवाही बरतने वाले पंचायत सचिवों पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ई-ग्राम स्वराज पोर्टल और पंचायत गेटवे प्रणाली के तहत निर्धारित नियमों का पालन न करने पर जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडेय ने जिले के 10 पंचायत सचिवों की वेतन वृद्धि अस्थायी रूप से रोक दी है। विभागीय कार्रवाई के बाद पंचायत विभाग में हलचल तेज हो गई है।

जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय की ओर से 17 अप्रैल को संबंधित पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। विभागीय सूत्रों के अनुसार निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी सचिवों की ओर से कोई संतोषजनक



जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2026-27 की एक वेतन वृद्धि अस्थायी रूप से रोकने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई की जद में आए पंचायत सचिव अलग-अलग विकासखंडों से जुड़े हैं। इनमें जलालपुर विकासखंड के सुनील सोनकर, अशोक यादव और धीरेंद्र पासवान, भियांव विकासखंड की शालू सिंह और विनोद गुप्ता, जहांगी-रगंज विकासखंड के अनूप मिश्र, प्रवीण वर्मा और आलोक उपाध्याय, अकबरपुर विकासखंड की प्रज्ञा प्रभा तथा रामनगर विकासखंड के गिरीश चौधरी शामिल हैं।

### ऑनलाइन व्यवस्था को दरकिनार करने पर हुई कार्रवाई

पंचायतीराज निदेशालय, उत्तर प्रदेश की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ग्राम पंचायतों में कराए जाने वाले सभी विकास कार्यों की प्रविष्टि ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज की जानी है। इसके बाद भुगतान केवल पंचायत गेटवे पोर्टल के माध्यम से ही किया जाना निर्धारित है। जांच में सामने आया कि कुछ ग्राम पंचायतों में कार्ययोजना के अनुरूप भुगतान प्रक्रिया अपनाने के बजाय अन्य माध्यमों से भुगतान किया गया। इसे शासन की पारदर्शी वित्तीय प्रणाली का उल्लंघन माना गया। मामले को गंभीर मानते हुए निदेशक पंचायतीराज कार्यालय की ओर से संबंधित सचिवों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए थे।

# 'ड्रिंक एंड ड्राइव' पर यातायात पुलिस का शिकंजा

## सीओ ट्रैफिक ने चलाया विशेष अभियान

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जनपद में "ड्राइव अगेंस्ट ड्रंकन ड्राइविंग" अभियान के तहत शनिवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई, वहीं वाहन चालकों को सुरक्षित और जिम्मेदारी-पूर्ण ढंग से वाहन चलाने के प्रति जागरूक भी किया गया।

सीओ यातायात जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर वाहनों की जांच की गई। पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहन चालकों को रोककर उनकी जांच की और यातायात नियमों के पालन के प्रति सख्ती दिखाई। अभियान के दौरान पुलिस ने शराब के नशे में



वाहन चलाते पाए गए चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को स्पष्ट संदेश दिया कि शराब पीकर वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह खुद चालक और अन्य लोगों की जान के लिए भी बड़ा खतरा बन सकता है। चेकिंग के दौरान कई वाहन चालकों को सीट बेल्ट, हेलमेट और अन्य यातायात नियमों के पालन के लिए भी जागरूक किया गया। सीओ यातायात जितेन्द्र कुमार ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क पर जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहार ही दुर्घटनाओं को रोक सकता है।

परिचालन दक्षता और नई क्षमता विस्तार के दम पर ऊर्जा क्षेत्र में और मजबूत हुई कंपनी की पकड़

# एनटीपीसी ने दर्ज किया मजबूत वित्तीय प्रदर्शन

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। देश की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत कंपनी NTPC Limited ने वित्त वर्ष 2025-26 के चौथी तिमाही और वार्षिक ऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी करते हुए मजबूत आर्थिक प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी ने स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड दोनों स्तरों पर मुनाफे में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है। परिचालन दक्षता, नई उत्पादन क्षमता, लागत नियंत्रण और रणनीतिक विस्तार को इस सफलता का प्रमुख आधार माना जा रहा है।

कंसोलिडेटेड आधार पर भी NTPC Limited समूह का प्रदर्शन मजबूत रहा। वित्त वर्ष 2026 में समूह का कर पश्चात लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 27,546 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 23,953 करोड़ रुपये था। संयुक्त उपक्रमों के लाभ में 29 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे 2,864 करोड़ रुपये का योगदान मिला। वहीं सहायक कंपनियों ने 3,312 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया। चौथी तिमाही में समूह का PAT 10,615 करोड़ रुपये रहा, जो पिछली तिमाही के 5,597 करोड़ रुपये से काफी अधिक है। NTPC Tanda के कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा ने कंपनी के प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि मजबूत कार्य संस्कृति, समर्पित टीमवर्क और कुशल प्रबंधन का परिणाम है।



### कोयला आधारित संयंत्रों की दक्षता बनी बड़ी ताकत

कंपनी के कोयला आधारित बिजली संयंत्रों ने भी परिचालन स्तर पर बेहतर प्रदर्शन जारी रखा। वित्त वर्ष 2026 में कंपनी ने 72.04 प्रतिशत का प्लांट लोड फैक्टर (PLF) हासिल किया, जो देश के अन्य कोयला आधारित संयंत्रों के औसत 63.20 प्रतिशत से काफी अधिक रहा। ऊर्जा क्षेत्र के जानकार इसे एनटीपीसी की तकनीकी दक्षता और बेहतर प्रबंधन का संकेत मान रहे हैं।

### स्टैंडअलोन पैट में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी

NTPC Limited ने स्टैंडअलोन आधार पर वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में 44,030 करोड़ रुपये की कुल आय दर्ज की, जो पिछली तिमाही की तुलना में लगभग 6 प्रतिशत अधिक रही।

चौथी तिमाही में कंपनी का कर पश्चात लाभ (PAT) 8,747 करोड़ रुपये रहा, जबकि तीसरी तिमाही में यह 4,987 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का स्टैंडअलोन PAT बढ़कर 23,162 करोड़ रुपये पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 19,649 करोड़ रुपये था। इस प्रकार कंपनी ने वार्षिक स्तर पर लगभग 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

कंपनी के अनुसार यह बढ़ोतरी नई क्षमता वृद्धि, बेहतर परिचालन प्रबंधन, वित्तीय लागत में कमी तथा डिफर्ड टैक्स और रेगुलेटरी डिफर्ड अकाउंट बैलेंस में संशोधन के कारण संभव हो सकी।

# योगासन कार्यशाला में स्वास्थ्य भारतीय संस्कृति पर मंथन

## योगासन को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को शहर स्थित तक्षशिला अकादमी में एकदिवसीय योगासन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में योगासन को खेल एवं स्वस्थ जीवनशैली के रूप में बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, शिक्षकों एवं पदाधिकारियों ने सहभागिता करते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद योगासन से जुड़े प्रशिक्षकों ने विभिन्न योग क्रियाओं और आसनों का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को योग के महत्व से अवगत कराया।



वक्ताओं ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि मानसिक संतुलन, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली का माध्यम भी है। वर्तमान समय में बढ़ती तनावपूर्ण जीवनशैली के बीच योग की उपयोगिता और अधिक बढ़ गई है। कार्यक्रम में मौजूद क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष बाबू हवलदार सिंह ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा और संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग मानसिक तनाव और शारीरिक समस्याओं से जूझ रहे हैं, ऐसे समय में योग ही ऐसा माध्यम है जो शरीर और मन दोनों को संतुलित रखने का कार्य करता है।

**कार्यशाला के दौरान खिलाड़ियों को प्रतियोगी योगासन की बारीकियों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि योगासन अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। युवाओं को इस क्षेत्र में बेहतर अवसर मिल सकते हैं, बशर्ते वे नियमित अभ्यास और अनुशासन को अपनाएं।**

# कर्बला की कुर्बानियों की गूंज से गमगीन हुआ कटघर कमाल

## मजलिस-ए-चेहलुम में उमड़ा अकीदतमंदों का हुजूम

तमसा संकेत, संवाददाता

जलालपुर, अंबेडकरनगर। जलालपुर तहसील क्षेत्र के कटघर कमाल गांव में रविवार को मरहूम सैयद शाहिद हैदर रिजवी के इसाले सवाब के मौके पर आयोजित मजलिस-ए-चेहलुम में अकीदत और गम का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में अजादारों, उलेमाओं और क्षेत्रीय लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत कर मरहूम की मगफिरत के लिए दुआएं कीं। तिलावते कलाम-ए-पाक से शुरू हुई मजलिस में कर्बला की कुर्बानियों और इंसानियत के पैगाम को याद किया गया। मुजफ्फरनगर से पहुंचे मौलाना सैयद अतहर अब्बास जैदी ने मजलिस को खिताब करते हुए दीने इस्लाम, इंसानियत और कर्बला की कुर्बानियों पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि इस्लाम अमन, भाईचारे और मोहब्बत का



मजहब है, जो इंसान को इंसाफ और सच्चाई के रास्ते पर चलने की सीख देता है। मौलाना ने हजरत इमाम हसन और हजरत इमाम हुसैन अ.स. की कुर्बानियों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने दीने इस्लाम की हिफाजत के लिए अपना पूरा कुनबा कुर्बान कर दिया, लेकिन जुल्म और अन्याय के सामने झुकना मंजूर नहीं किया। उन्होंने कहा कि कर्बला का पैगाम आज भी पूरी दुनिया को सब्र, त्याग और इंसाफ की राह दिखाता है। मौलाना जैदी ने अपने संबोधन में वर्तमान दौर की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ दीनी तालीम देना भी बेहद जरूरी है।

**घटना :** एम्बुलेंस पहुंचने में देरी पर उठे सवाल, परिजनों ने समय पर इलाज न मिलने का लगाया आरोप

# दो बाइकों की टक्कर में ग्राम प्रधान की मौत, गांव में पसरा मातम

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। भीटी थाना क्षेत्र में शनिवार रात हुए सड़क हादसे में एक ग्राम प्रधान की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस सेवा की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए हैं।

हादसा शनिवार रात करीब आठ बजे रानीपुर मोहन गांव के पास हुआ। जानकारी के अनुसार भीटी थाना क्षेत्र के ग्राम रानीपुर मोहन निवासी 55 वर्षीय ग्राम प्रधान राम बलि शनिवार को मिझौड़ा स्थित अपने रिश्तेदार के यहां गए थे। देर शाम वह बाइक से वापस घर लौट रहे थे। बताया गया कि जैसे ही वह



रानीपुर गांव के पास पहुंचे, सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि हादसे की सूचना दिए जाने के बावजूद करीब 40 मिनट तक एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। लोगों का कहना था कि यदि समय पर एम्बुलेंस उपलब्ध हो जाती तो शायद ग्राम प्रधान की जान बचाई जा सकती थी। इसको लेकर लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली।

मृतक के बेटे संत कुमार ने बताया कि उनके पिता रिश्तेदारी में निमंत्रण में गए थे और वापस लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। उन्होंने बताया कि टक्कर के बाद उन्हें गंभीर चोटें आई थीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भीटी थानाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

**टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी बाइक चला रहे 25 वर्षीय मनोज किसी रिश्तेदारी में गांव आए हुए थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।**

### परिजनों ने निजी वाहन से पहुंचाया अस्पताल

घटना की सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान के परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में उन्हें निजी वाहन से जिला अस्पताल लेकर गए। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद राम बलि को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे घायल युवक मनोज का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

ग्राम प्रधान की मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया। देर रात तक लोगों की भीड़ मृतक के घर पर जुटी रही। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ था। ग्रामीणों ने बताया कि राम बलि गांव में मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे और लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते थे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत दो परिवारों में सुलह

## टूटते रिश्तों को महिला थाना ने फिर जोड़ा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। पारिवारिक विवादों के चलते अलगाव की स्थिति तक पहुंच चुके दो दंपत्तियों के रिश्तों में शनिवार को फिर से मिठास लौट आई। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला थाना पुलिस की पहल पर दोनों पक्षों की काउंसलिंग कराई गई, जिसके बाद आपसी सहमति से दोनों दंपत्तियों ने साथ रहने का निर्णय लिया। महिला थाना परिसर में चली इस पहल के बाद परिवारों के चेहरों पर राहत दिखाई दी। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थाना में प्राप्त दो प्रार्थना पत्रों पर शनिवार को सुनवाई की गई। दोनों मामलों में पति-पत्नी के बीच लंबे समय से पारिवारिक विवाद और मनमुटाव चल रहा था, जिसके कारण रिश्तों में दूरी बढ़ती जा रही थी।





महिला थानाध्यक्ष ज्योति वर्मा ने दोनों पक्षों तथा उनके परिजनों को महिला थाना बुलाकर अलग-अलग और संयुक्त रूप से वार्ता की। काउंसलिंग के दौरान पति-पत्नी के बीच उत्पन्न विवादों, गलतफहमियों और पारिवारिक परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों को शांतिपूर्वक एक-दूसरे की बात सुनने और परिवार को टूटने से बचाने की सलाह दी। कई घंटों तक चली बातचीत के दौरान दोनों दंपत्तियों ने भी अपनी-अपनी समस्याएं सामने रखीं।

# सम्पादकीय

## रूबियो की भारत यात्रा



क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने भारत आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो कोलकाता से अपने भारत दौरे की शुरुआत करने के बाद जिस तरह दिल्ली आकर सीधे प्रधानमंत्री मोदी से मिले और उनसे लंबी बात की, उससे यह प्रतीति होना स्वाभाविक है कि वे दोनों देशों के संबंधों को प्रगाढ़ करने को विशेष महत्व दे रहे हैं।

आम तौर पर किसी देश का विदेश मंत्री पहले अपने समकक्ष से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री से भेंट करता है, लेकिन अमेरिकी विदेश मंत्री के मामले में यह क्रम टूटता दिखा। उन्होंने प्रधानमंत्री से लंबी बातचीत करने के बाद उन्हें अमेरिका आने का निमंत्रण भी दिया, लेकिन इसकी महत्ता तभी है, जब दोनों देशों के संबंधों में सुधार की प्रक्रिया वास्तव में गति पकड़े।

भारत केवल इतने से संतुष्ट नहीं हो सकता कि अमेरिका उसकी प्राथमिकता में है और वह उसे खास महत्व दे रहा है, क्योंकि उसकी मौजूदा नीतियां भारतीय हितों के अनुकूल सिद्ध नहीं हो रही हैं। एक तो भारत-अमेरिका के बीच होने वाले व्यापार समझौते में देरी हो रही है और दूसरे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप उस पाकिस्तान को जरूरत से ज्यादा भाव दे रहे हैं, जिसे अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने धोखेबाज करार दिया था।

अमेरिका और ईरान के बीच का टकराव भी भारत के लिए मुसीबत बना हुआ है। इस टकराव के चलते ईरान ने जिस तरह होर्मुज समुद्री मार्ग बाधित कर रखा है, उससे सबसे अधिक प्रभावित होने वाले देशों में भारत प्रमुख है। अमेरिका-ईरान टकराव के कारण जो विश्वव्यापी ऊर्जा संकट पैदा हुआ है, उसके लिए अमेरिका ही अधिक जिम्मेदार है।

यह स्वाभाविक है कि अमेरिकी विदेश मंत्री और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच वार्ता में पश्चिम एशिया संकट यानी ईरान का मुद्दा भी अवश्य चर्चा में आया होगा। भारत के लिए यह आवश्यक है कि वह इस पर जोर दे कि अमेरिका पश्चिम एशिया संकट प्राथमिकता के आधार पर सुलझाए। इसी तरह वह व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में आगे बढ़े। यह ठीक है कि भारत रवाना होने के पहले अमेरिकी विदेश मंत्री ने भारत को एक महान देश और साझेदार बताते हुए यह कहा कि उसके साथ कई क्षेत्रों में काम करना है, लेकिन अभी तो ऐसा होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है।


पहली बार भारत यात्रा पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री ने अपनी यात्रा का उद्देश्य व्यापार, रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, तकनीकी सहयोग के साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मिलकर काम करना बताया। देखना है कि उनकी यह यात्रा इन उद्देश्यों को पूरा करने में सहायक बन पाती है या नहीं? निःसंदेह देखना यह भी होगा कि अमेरिका चार देशों के संगठन क्वाड को लेकर कितनी गंभीरता का परिचय देता है?

## सवाल मत खड़े कीजिए नायडू की मन्शा पर



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

> यूरोप, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों में कम जन्म दर के कारण बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ी है और कार्यशील युवाओं की कमी होने लगी है। भारत को भी आने वाले दशकों में ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है इससे पहले की यह स्थिति आए हमें आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की घोषणा का स्वागत करना चाहिए।



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अपने राज्य में तीसरे और चौथे बच्चे के जन्म पर परिवारों को आर्थिक प्रोत्साहन देने की घोषणा की है। ऐसी ही अपील समय समय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ मोहन भागवत भी करते आए हैं। जब संघ प्रमुख इस तरह की घोषणा या अपील करते हैं तो उनका विरोध नहीं होता है क्योंकि वह यह बात हिंदुओं के लिए करते हैं लेकिन चंद्रबाबू नायडू ने यह बात सभी धर्म के मानने वाले लोगों से की है। यही कारण है कि इस पर तमाम तरह के प्रश्न उठाए जा रहे हैं और कहां जा रहा है कि यह हो पाना संभव नहीं है। वैसे राजनीति के जानकार यह बात अच्छी तरह जानते हैं कि उत्तर बनाम दक्षिण में लोचा है क्या ? आज की तारीख में इसका प्रमुख कारण केवल सामाजिक और आर्थिक ही नहीं बल्कि राजनीतिक भी है। राजनीतिक इसलिए है क्योंकि जब परिसीमन होगा तो उसमें दक्षिण के राज्यों में लोकसभा की सीटें उत्तर भारत की अपेक्षा कम हो जाएगी। यानी उत्तर भारत से लोकसभा के सदस्य वर्तमान की संख्या से ज्यादा हो जाएंगे। जबकि दक्षिण में क्योंकि आबादी कम है इसलिए वहां सीटे कम हो जाएगी जिसका असर सरकार बनने और बिगड़ने पर पड़ेगा। सत्तारूढ दल भाजपा यह मानकर चल रही है कि यदि किसी कारणवश दक्षिण के राज्य उसका साथ ना भी दे तो भी वह उत्तर के बड़े राज्यों से आए ज्यादा लोकसभा सदस्यों की बदौलत सरकार बना लेगी। जबकि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का तर्क है कि टी एफ आर में बैलेंस जनसंख्या संतुलन के लिए जरूरी है । वरना बच्चे कम पैदा होंगे और इस समय की आबादी है वह तेजी से बूढ़ी होती जाएगी। एक अनुमान के अनुसार 2050 तक भारत की 20% आबादी बुजुर्ग श्रेणी में पहुंच सकती है। जो शुभ लक्षण नहीं है। जबकि आंध्र प्रदेश में यह संख्या 23% तक जा सकती है और यही वह प्रमुख कारण है जिसके चलते चंद्रबाबू नायडू को यह कहना पड़ा कि वह उन परिवारों को आर्थिक प्रोत्साहन देंगे। यहां यह जानना जरूरी है कि दुनिया में कई देश बूढ़ी होती आबादी और घटती जन्म दर से परेशान है। भारत में भी टीएफआर यानी कुल प्रजनन दर 1.9 है जबकि स्थिर जनसंख्या के लिए 2.01 होना चाहिए यानी हर कपल पर इतने। बच्चे दक्षिण भारत के राज्यों में प्रजनन दर राष्ट्रीय औसत से भी नीचे 1.5 और 1.6 है जबकि उत्तर भारत में 2.3 तथा 3 के बीच है। अगर राष्ट्रीय स्तर की बात की जाए तो 8 राज्यों बिहार , उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान , छत्तीसगढ़, और झारखंड को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में प्रजनन दर का स्तर नीचे चला गया है । दिल्ली 1.2 यानी सबसे कम। इसके बाद केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की प्रजनन दर 1.3 है इससे यह स्पष्ट होता है कि जब प्रजनन दर लंबे समय तक 2.1 के नीचे रहती है तो जनसंख्या वृद्धि धीमी हो जाती है जो अंत में नकारात्मक वृद्धि की ओर भी जा सकती है। यही वह प्रमुख कारण है जो आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को परेशान कर रहा है यहां यह जानते चले कि जब प्रजनन दर लंबे समय तक इस स्तर से नीचे रहती है तो जनसंख्या वृद्धि धीमी हो जाती है। एक दशक में हुए प्रतिशत परिवर्तन पर नजर डालें तो बिहार में टीएफआर में सबसे कम गिरावट दर्ज की गई । 2012 से 2014 में 3.2 से घटकर 2022 से 2024 में 2.9 यानी केवल 9.4% की कमी। इतना ही नहीं जिन राज्यों में औसतन प्रति महिला बच्चों की संख्या एक दशक पहले ही प्रतिस्थापन स्तर से नीचे चली गई थी। वहां कुल जनसंख्या में 0 - 14 आयु वर्ग का अनुपात भी सबसे कम है। तमिलनाडु में 0 - 14 आयु वर्ग केवल 18% है जबकि खास बिहार में 31.25 प्रतिशत है। यानी अच्छा खासा अंतर है । इसका मतलब यह है कि टीएफआर केवल जनसंख्या का आंकड़ा नहीं बल्कि देश के भविष्य का आईना है। भारत को अब जनसंख्या नियंत्रण की बहस से आगे बढ़कर जनसंख्या की गुणवत्ता मानव संसाधन और संतुलित विकास पर ध्यान देना होगा।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की पीड़ा शायद इसलिए जायज है और वह भविष्य देख रहे हैं क्योंकि बहुत कम टीएफआर भविष्य में नई चुनौतियां पैदा कर सकती है।

## पहाड़ों पर भीड़ का पहाड़

पहाड़ देखने में बहुत सुंदर और शांत होते हैं। इनका आकर्षण किसी को भी अपनी ओर खींच लेता है। दुनिया के किसी भी साहित्य को उठाकर देख ले उनमें पहाड़ों को लेकर बहुत कुछ लिखा गया है। कामायनी की शुरुआत तो हिमालय के उत्तुंग शिखर पर बैठे हुए व्यक्ति से ही होती है। पहाड़ी जीवन वास्तव में बहुत शांत होता है। वहां रहने वाले लोग धीरे और मधुर बोलते हैं। साधारण जीवन में रहकर प्रकृति को निहारते रहते हैं, उसकी सेवा करते हैं। प्राकृतिक आपदाओं को भी यहां के लोग झेलते हैं। फिर भी अपनी मस्ती में मस्त जीवन में रहते हैं। प्रकृति के सौंदर्य की बात करते हैं तो उसमें भी पहाड़ अपना विशेष स्थान रखते हैं।

जब कोई व्यक्ति कहीं विशेष कार्य कर लेता है या कठिन कार्य कर लेता है। उसके लिए कुछ मुहावरें भी प्रयोग होते हैं, क्या तुमने पहाड़ तोड़ दिया? या फिर क्या पहाड़ उठा लिया? आदि प्रयोग होते हैं। विचार करें तो दशरथ मांझी ने तो पहाड़ तोड़ ही दिया और उसके बीच से रास्ता भी बनाया। इस दृष्टि से असाधारण या कठिन कार्य, जीवन में कोई न कोई एक दो लोग कर ही लेते हैं।कोई भी कार्य किसको कितना कठिन और सरल लगता है, यह तो उन सब की अपनी सोच की बात है। पहाड़ों के प्रति आकर्षण और सौंदर्य का एक सबसे बड़ा कारण यह भी है कि हमारे देवी-देवताओं का साधना स्थल या कथा स्थल पहाड़ ही रहे हैं। हमारे देवी-देवता जितने समतल में रमे हैं, उतने ही वह पहाड़ों में भी रमे हैं। वहीं उनकी समाधि और कथा का स्थान है। अमरनाथ गुफा के दर्शन करने लोग जाते हैं। केदारनाथ धाम, बदरीनाथ धाम आदि के दर्शन करने लोग जाते हैं। आज भी ऊंचे पहाड़ों की चोटी पर बैठे साधना करनेवाले बहुत सारे संत-महात्मा मिल जायेंगे।

**- डॉ. नीरज भारद्वाज**

## हालांकि बाद में ...

राजेश श्रीवास्तव

## सरकार माने भले न, पर कांकरोच जनता पार्टी से परेशानी में तो है

अपने देश में इन दिनों सोशल मीडिया पर एक ऐसी अजीबो-गरीब हलचल देखने को मिल रही है। वैसे तो देश की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी डिजिटल दुनिया और चुनावी राजनीति दोनों में खुद को सबसे मजबूत मानती है लेकिन उसे एक कांकरोच से कड़ी टक्कर मिल रही है। टक्कर ऐसी कि उसे बार-बार ब्लाक किया जा रहा है। इंस्टाग्राम पर कांकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) नाम से एक व्यंगात्मक अकाउंट ने देखते ही देखते करोड़ों फालोअर्स बटोर लिये और यह संख्या इतनी बड़ी हो गयी कि भाजपा के आधिकारिक हैंडल से भी आगे निकल गयी। हालत यह है कि एक्स पर उसका अकाउंट बंद हो गया। इसके कर्ता-धर्ता को धमकियां मिल रही हैं। सोशल मीडिया पर भाजपा के लोगों ने इसको पाकिस्तान और नेपाल द्वारा प्रायोजित करार देने में अपनी सारी ताकत लगानी शुरू कर दी है। हद तो आज तब हो गयी जब इसे सोनम वांगचुक ने भी अपना समर्थन देते हुए कहा कि मैं भी कांकरोच हूं।

पहली नजर में यह सिर्फ जेन-जी का एक डिजिटल समूह लग रहा है लेकिन गहरायी से देखें तो असल में यह देश के करोड़ों शिक्षित और बेरोजगार युवाओं के भीतर सुलग रहे असंतोष, हताशा और व्यवस्था के




प्रति गुस्से का एक अनोखा और अहिंसक विस्फोट ही है। इस पूरे आंदोलन की शुरुआत राजनीति से नहीं बल्कि सीजेआई (चीफ जस्टिस आफ इंडिया सूर्यकांत) द्वारा एक सुनवाई के दौरान बेरोजगार युवाओं और कार्यकर्ताओं की तुलना कांकरोच और परजीवी से करने की खबर जैसे ही फैली कि इंटरनेट पर युवाओं का आक्रोश भड़क गया और इस आक्रोश को मंच दिया कांकरोच जनता पार्टी ने।

हालांकि बाद में सीजेआई ने सफाई दी कि उनका इरादा फर्जी डिग्रीधारकों की आलोचना करना था लेकिन तब तक तीर कमान से निकल चुका था। अभिजीत ने इस अपमान को एक हथियार बनाया और कारतूस बनाया युवाओं को। उन्होंने कांकरोच जनता पार्टी की नींव रखी। दरअसल कांकरोच एक ऐसा जीव है जिसे सबसे तुच्छ समझा जाता है, सब कुचलने की कोशिश करते हैं लेकिन वह हर विपरीत स्थिति में जीवित बच जाता है। युवाओं ने इस नाम को एक सम्मान के प्रतीक की तरह अपना लिया। उनका नारा बन गया कि उन्होंने हमें कुचलने की कोशिश की और हम फिर वापस आ गये। भारत आजकल भले ही दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनने का दावा करता हो लेकिन एक कड़वी सच्चाई रोजगारविहीन विकास भी है। अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की एक रिपोर्ट बताती है कि देश में ग्रेजुएट युवाओं में बेरोजगारी दर बेहद चिंताजनक है। हर साल लाखों छात्र डिग्री लेकर निकलते हैं लेकिन पर्याप्त नौकरियां हैं ही नहीं। कांकरोच जनता पार्टी की सफलता का कारण इन दिनों नीट पेपर लीक भी है जिसने युवाओं के सब्र का बांध तोड़ दिया है। जब युवाओं को लगा कि पारंपरिक राजनीतिक दल या मुख्यधारा का मीडिया उनकी इस पीड़ा को गंभीरता से नहीं उठा रहा है तो उन्होंने खुद का डिजिटल स्पेस खड़ा कर लिया और वह मंच कांकरोच जनता पार्टी बन गया। इस कांकरोच जनता पार्टी ने बेरोजगारी, आलसी, हर वक्त आनलाइन रहना और पेशेवर तरीके से भड़ास निकालने को लपका। इससे जुड़कर युवाओं ने अपने मन की मांगे भी रख दी मसलन परीक्षाओं में पारदर्शिता, शिक्षा मंत्री का इस्तीफा, संसद में लैंगिक समानता और मीडिया की स्वतंत्रता। यहां तक कि कांकरोच की ड्रेस पहनकर दिल्ली में युवाओं ने सफाई अभियान चलाया और विरोध प्रदर्शन भी शुरू कर दिया। मतलब साफ है कि युवाओं ने डिजिटल फ्रेम से निकलकर इसे जमीन पर खड़ा करने की कोशिश भी की। इस कांकरोच जनता पार्टी की ताकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा और आनलाइन नियमों का हवाला देकर इस आंदोलन के एक्स अकाउंट को भारत में ब्लाक करा दिया। भाजपा नेता इसे एक सोची-समझी विपक्ष की साजिश करार देते हैं। वह इसे अराजकता फैलाने का प्रयास करने वाला बताते हैं। उनका मानना है कि इसके फालोअर्स बोट्स और विदेशी हैं जबकि कांग्रेस नेता शशि थरूर इसे युवाओं के वास्तविक दर्द की अभिव्यक्ति करार देते हैं।

## हरित गलियारे के रूप में उभरा चित्रकूट

उत्तर प्रदेश का चित्रकूट जनपद इन दिनों अपनी पुरानी और चुनौतीपूर्ण छवि को पीछे छोड़कर विकास और पर्यावरण संरक्षण के एक नए दौर में प्रवेश कर चुका है। विंध्य पर्वत श्रृंखलाओं की गोद में बसा यह ऐतिहासिक और धार्मिक क्षेत्र कभी दस्यु प्रभावित माना जाता था, लेकिन आज यह अपनी हरियाली और 'हरित गलियारों' के रूप में एक नई पहचान बना रहा है। भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा समय-समय पर जारी की जाने वाली 'इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट' के आंकड़े इस बात का साफ गवाह हैं कि चित्रकूट के वन क्षेत्र में पिछले कुछ सालों में लगातार और काफी अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। साल 2019, 2021 और 2023 के दौरान सामने आए सरकारी आंकड़े बताते हैं कि इस पूरे इलाके में ग्रीन कवर यानी हरित क्षेत्र बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह बदलाव अचानक नहीं हुआ है, बल्कि इसके पीछे प्रदेश सरकार की नीतियां, जिला प्रशासन की सक्रियता और स्थानीय लोगों का सहयोग है, जिन्होंने मिलकर इस पथरीले और ऊबड़-खाबड़ क्षेत्र को खुशहाली के रास्ते पर ला खड़ा किया है। प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत चित्रकूट में चलाए गए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियानों ने इस सफलता की मजबूत नींव रखी है। इन अभियानों की सबसे खास बात यह रही है कि इनमें बाहरी या सजावटी पौधों के बजाय स्थानीय मिट्टी और पर्यावरण के अनुकूल स्वदेशी प्रजातियों को प्राथमिकता दी गई। बरगद, नीम, महुआ और पीपल जैसे पारंपरिक पौधों को बड़े पैमाने पर रोपा गया, जिससे न सिर्फ जंगलों का दायरा बढ़ा, बल्कि जैव विविधता को भी नया जीवन मिला। इसके साथ ही, बुंदेलखंड जैसे कम वर्षा और पथरीली जमीन वाले क्षेत्र में पौधों को बचाए रखना एक बड़ी चुनौती थी। इसके समाधान के लिए जिला प्रशासन के स्तर पर जल और मृदा संरक्षण के विशेष प्रयास किए गए। पहाड़ों और ढलानों पर पानी को रोकने के लिए कंटूर और अन्य जल संरक्षण ढांचे बनाए गए, जिससे जमीन में नमी बनी रही। इस वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आम जनता की भागीदारी का नतीजा यह हुआ कि लगाए गए पौधों के जीवित रहने की दर में बहुत बड़ी वृद्धि देखी गई, जो अमूमन ऐसे कठिन भौगोलिक क्षेत्रों में देखने को नहीं मिलती। इस पूरे हरित अभियान के बीच चित्रकूट के रानीपुर टाइगर रिजर्व ने पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों के विकास के मामले में पूरे देश में एक नई मिसाल पेश की है। यह न केवल उत्तर प्रदेश का चौथा बल्कि पूरे देश का 53वां टाइगर रिजर्व है, जिसने बुंदेलखंड जैसे बेहद चुनौतीपूर्ण माने जाने वाले इलाके में पारिस्थितिक सुधार की एक अद्भुत कहानी लिखी है। पन्ना टाइगर रिजर्व के करीब होने की वजह से रानीपुर का यह क्षेत्र हमेशा से वन्यजीवों के लिए एक प्राकृतिक गलियारे के रूप में काम करता रहा है। अब इसे टाइगर रिजर्व घोषित किए जाने के बाद बाघों के लिए एक बेहद सुरक्षित और अनुकूल माहौल तैयार हो गया है, जिससे उनके आने-जाने के मार्ग बेहतर हुए हैं और उनकी संख्या के साथ-साथ आनुवंशिक विविधता में भी सुधार आ रहा है। वन्यजीवों के संरक्षण के लिए केवल सुरक्षा ही काफी नहीं होती, बल्कि उनके लिए भोजन पानी की व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए रानीपुर टाइगर रिजर्व के भीतर शिकार आधार यानी शाकाहारी जीवों की संख्या बढ़ाने के लिए आधुनिक सॉफ्टवेयर रिलीज तकनीक का सहारा लिया गया।

## कर्त्तव्यनिष्ठा और अनुशासन

अनुशासन यानी अपनी हर प्रवृति पर विचारों में, कार्यों में, सोच में आदि - आदि से नियंत्रण । अनुशासन यह सुनते ही हमारे दिमाग में एक और शब्द आता है और वह जिंदगी में सफलता है । महात्मा बुद्ध का मानना था कि यदि आप अपने आप को नियंत्रण में रखते हैं तो आपको वह क्षमता हासिल होगी जिसे बहुत ही कम लोग हासिल कर पाते हैं । बिना अनुशासन रे मना, सफल ना होते काम । जीवन स्तर नीचे गिरे, जिसे न सकता कोई थाम। क्योंकि— अनुशासन के बिना पुरुषार्थ की कल्पना भी नहीं की जा सकती , इस मंत्र से जग में उजियारा होता हैं और पालन से सुरभित सुख संसार होता हैं । भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि अनुशासन देश को जीवित रखता हैं । उस पर भी यदि आत्मानुशासन आ जाए तो यह सबसे बडी साधना है । यह चंचल मन को धैर्यवान बनाता हैं । चाहे विद्यालय हों, सामाजिक संस्थाएं हों , अन्य संगठन हों या व्यक्तिगत जीवन हों । यदि अनुशासन हैं तो सब ठीक हैं । लोकतंत्र में स्वातन्त्र्य की बात हैं परन्तु वहां भी अनुशासन आवश्यक है । कोई यह सोच लें कि लोकतंत्र में कोई कुछ भी करें तो लोकतंत्र ठीक कैसे रह पाएगा ? अंग्रेजी में ठीक कहा गया कि - without duty and discipline the deity of democracy shall be hung to death and destruction. कर्त्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के बिना प्रजातंत्र का देवता भी विनाश को प्राप्त हो सकता हैं । अनुशासन हमारे इस जीवन की मर्यादा है, जीने की हर बाधा जिससे मिटती जाती हैं । अनुशासन जीवन की एक सुंदर व्यवस्था है, इसमें जीकर आत्मा उत्तम अवस्था पाती है ।

**› प्रदीप छाजेड़**

# जरा हटके

## प्रदेश के मुख्यमंत्री ...

सरिता वर्मा, सूचना अधिकारी

## लॉजिस्टिक्स विकास की नई उड़ान 'लीड्स 2025' में उत्तर प्रदेश बना देश का सर्वोत्तम लैंडलॉक्ड राज्य

उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर विकास और सुशासन के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल करते हुए देशभर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। लॉजिस्टिक्स एवं इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति के कारण राज्य को लीड्स 2025 रैंकिंग में लैंडलॉक्ड राज्यों की श्रेणी में सर्वोच्च "एक्सेम्पलर" पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उस व्यापक परिवर्तन की पहचान है, जिसने उत्तर प्रदेश को देश की आर्थिक प्रगति के केंद्र में लाकर खड़ा किया है।

नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में आयोजित समारोह में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया। उत्तर प्रदेश की ओर से इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने पुरस्कार ग्रहण किया। यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश अब केवल जनसंख्या के लिहाज से बड़ा राज्य नहीं, बल्कि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, कुशल परिवहन व्यवस्था और निवेश-अनुकूल नीतियों वाला अग्रणी आर्थिक प्रदेश बन चुका है।

वर्ष 2018 में उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआ-ईआईटी) द्वारा शुरू की गई लॉजिस्टिक्स ईज अक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स (लीड्स) पहल राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन का मूल्यांकन करने वाला राष्ट्रीय मानक है। इसमें परिवहन नेटवर्क, वेयरहाउसिंग, सप्लाई चेन दक्षता, नियामकीय सुधार, लॉजिस्टिक्स



सेवाओं की गुणवत्ता और व्यापार सुगमता जैसे विभिन्न पहलुओं का विस्तृत आकलन किया जाता है। इस प्रतिष्ठित रैंकिंग में उत्तर प्रदेश का "अचीवर" श्रेणी से सीधे "एक्सेम्पलर" श्रेणी तक पहुंचना राज्य की तेज और प्रभावी विकास यात्रा को दर्शाता है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को नई गति दी है। राज्य सरकार ने एक्सप्रेसवे नेटवर्क का व्यापक विस्तार करते हुए प्रदेश को आधुनिक सड़क संपर्क से जोड़ा है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे जैसी विशाल परियोजनाओं ने प्रदेश में माल परिवहन को तेज, सुरक्षित और मितव्ययी बनाया है। इन एक्सप्रेसवे के माध्यम से न केवल औद्योगिक क्षेत्रों को बेहतर संपर्क मिला है, बल्कि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को भी राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने में मदद मिली है।

राज्य सरकार की उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति 2022 ने लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में निवेश को नई दिशा दी है। इस नीति के अंतर्गत निजी निवेशकों को प्रोत्साहन, भूमि उपलब्धता, कर रियायतें और आधुनिक सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। परिणाम-स्वरूप प्रदेश में वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज, मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क और सप्लाई चेन नेटवर्क का तेजी से विस्तार हो रहा है। कृषि उत्पादों के भंडारण और परिवहन में सुधार से किसानों को भी बड़ा लाभ मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश की रणनीति केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं है। राज्य सरकार ने पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप सिटी लॉजिस्टिक्स मास्टर प्लान विकसित किए हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य सड़क, रेल, हवाई और जल परिवहन को एकीकृत कर एक ऐसा नेटवर्क तैयार करना है जिससे परिवहन लागत कम हो, समय की बचत हो और उद्योगों की प्रतिस्पर्धा-त्मक क्षमता बढ़े। यह पहल प्रदेश को देश के सबसे बड़े लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

प्रदेश में विकसित हो रहे डिफेंस कॉरिडोर, औद्योगिक कॉरिडोर और फ्रेट कॉरिडोर भी इस सफलता की मजबूत आधारशिला हैं। पूर्वी और पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के माध्यम से उत्तर प्रदेश देश के बड़े औद्योगिक और बंदरगाह क्षेत्रों से सीधे जुड़ रहा है। इससे निर्यात गतिविधियों को नई गति मिल रही है और वैश्विक निवेशकों का विश्वास भी बढ़ा है।

इसके अतिरिक्त, राज्य में विकसित हो रहे नए एयरपोर्ट और लॉजिस्टिक्स हब प्रदेश की आर्थिक संभावनाओं को और मजबूत बना रहे हैं। नोएडा का जेवर इन्टरनेशनल एयरपोर्ट जैसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट भविष्य में उत्तर प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय व्यापार और कार्गो परिवहन का प्रमुख केंद्र बना सकते हैं। एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट के आसपास विकसित हो रहे औद्योगिक क्लस्टर प्रदेश में रोजगार और निवेश दोनों को बढ़ावा देंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने जिस प्रकार इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को प्राथमिकता दी है, उसका प्रभाव अब राष्ट्रीय स्तर पर स्पष्ट दिखाई देने लगा है। राज्य सरकार की पारदर्शी नीतियां, निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण और तेज परियोजना क्रियान्वयन ने उत्तर प्रदेश की छवि को पूरी तरह बदल दिया है। यही कारण है कि आज देश और विदेश की बड़ी कंपनियां उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए सबसे उपयुक्त गंतव्य मान रही हैं।

'लीड्स 2025' में मिला "एक्सेम्पलर" सम्मान इस परिवर्तन-कारी यात्रा का प्रतीक है।

अखिलेश का सीजेपी को सपोर्ट, राजभर बोले-सपा ने हार मानी, लाल-काला हिट ट्रेंड हो रहा

# बीजेपी विधायक उत्तर प्रदेश में 'कॉकरोच पार्टी' बैन कराएंगे

विवाद

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। 'कॉकरोच जनता पार्टी' (CJP) के खिलाफ 'हिट जनता पार्टी' (HJP) ने एंट्री मार ली है। सोशल मीडिया पर GenZ युवा दो खेमों में बंटे नजर आ रहे हैं। यूपी में भी इस डिजिटल कैंपेन का असर दिखाई देने लगा है।

22 मई को मथुरा में एक युवक कॉकरोच की ड्रेस पहनकर नगर निगम ऑफिस पहुंच गया। उसने गाना बजाकर डांस किया। पूछने पर बताया- वह यमुना में गिर रहे गंदे नालों से नाराज है। इस वीडियो को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शेयर किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इस डिजिटल कैंपेन को अपना सपोर्ट दिया। लिखा- अब BJP और CJP आमने-सामने हैं। वहीं, यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कॉकरोच जनता पार्टी को सिर्फ एक ड्रामा बताया। एक टीवी इंटरव्यू में उन्होंने कहा- कॉकरोच जनता पार्टी से बीजेपी को कोई खतरा नहीं है।



बीजेपी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने दावा किया कि कॉकरोच जनता पार्टी विदेशी साजिश है। हिंदू समाज भी बहक गया है।

### 'कॉकरोच जनता पार्टी' चुनाव लड़ सकती है या नहीं

1. पार्टी में कम से कम 100 वोटर मेंबर होने चाहिए।
2. पार्टी बनने के 30 दिन के भीतर चुनाव आयोग में रजिस्ट्रेशन कराना होता है।
3. पार्टी का संविधान, 10 हजार रुपए की फीस और अखबारों में सार्वजनिक सूचना देना भी जरूरी होता है।

इसके बाद ही कोई पॉलिटिकल पार्टी चुनाव आयोग में रजिस्टर हो सकती है। फिर राज्य में चुनाव लड़ सकती है।

## अब्बास अंसारी बोले- कॉकरोच पार्टी जॉइन करेंगे

सोशल मीडिया पर कॉकरोच जनता पार्टी को लेकर मीम्स और पोस्ट की जंग छिड़ गई है। दो तरह के लोग इस वक्त कॉकरोच जनता पार्टी को लेकर एक्टिव हैं। पहला ग्रुप- GenZ युवाओं का एक ग्रुप सरकार की नीतियों का विरोध कर रहा। दूसरा ग्रुप- उस पर देश को बदनाम करने का आरोप लगा रहा है। सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी ने तो कॉकरोच जनता पार्टी से चुनाव लड़ने की इच्छा भी जता दी। वे 21 मई को मऊ पहुंचे थे। जब पत्रकारों ने पूछा कि 2027 का चुनाव किस पार्टी से लड़ेंगे। उन्होंने जवाब दिया- मेरे सभी जानने वाले लोग कॉकरोच जनता पार्टी जॉइन कर चुके हैं। इसके मुद्दे मुझे पसंद आ रहे हैं। कोई कार्यालय खुला हो तो मुझे भी ले चलो और जॉइन करा दो।

## बीजेपी विधायक 'कॉकरोच जनता पार्टी' को यूपी में बैन कराएंगे

बीजेपी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कॉकरोच जनता पार्टी को विदेशी साजिश बताया। उन्होंने कहा- देश का माहौल खराब किया जा रहा। पाकिस्तान, बांग्लादेश और हिंदुस्तान में जिहादी सोच रखने वाले इसे जॉइन कर रहे हैं। इसलिए इसके फॉलोअर्स तेजी से बढ़ रहे हैं। हिंदू समाज के कुछ लोग भी इनके बहकावे में आ गए हैं। गुर्जर ने कहा कि विपक्षी पार्टियां देश में अस्थिरता पैदा करना चाहती हैं।

## कफ सिरप रैकेट वालों पर 40 हजार पन्नों की चार्जशीट

लखनऊ। लखनऊ में कोडीन कफ सिरप की अवैध तस्करी के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने कोर्ट में 40 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। जांच में 900 करोड़ रुपए के काले कारोबार का खुलासा हुआ है, जबकि तीन मास्टरमाइंड अब भी विदेश में फरार हैं।

एनडीपीएस एक्ट के तहत लगाई गई चार सीट में आलोक प्रताप सिंह, अमित टाटा समेत पर आरोपियों के खिलाफ यह चार्जशीट दाखिल की गई है। STF की जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि पूरे रैकेट के दौरान सप्लाई की गई एक भी कोडीन कफ सिरप की बोतल मेडिकल स्टोर्स तक नहीं पहुंची। दवा के नाम पर तैयार किया गया पूरा स्टॉक सीधे नशे के अवैध बाजार में भेजा जाता था। इससे साफ है कि यह नेटवर्क पूरी तरह से योजनाबद्ध तरीके से संचालित हो रहा था, जिसमें वैध सप्लाई चैन का इस्तेमाल केवल आड़ के तौर पर किया गया।

## आखिरकार लखनऊ मेयर ने सपा पार्षद को शपथ दिलाई

तमसा संकेत, एजेंसी


लखनऊ। लखनऊ की भाजपा मेयर सुषमा खर्कवाल ने आखिरकार रविवार को सपा नेता ललित तिवारी को पार्षद पद की शपथ दिला दी। इलाहाबाद हाईकोर्ट से मेयर के सभी वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार फ्रीज किए जाने के 3 दिन बाद सपा पार्षद को शपथ दिलाई गई। अधिकार फ्रीज होने से मेयर न तो अपने फंड से कोई खर्च कर सकती थीं और न ही किसी कर्मचारी पर एक्शन ले सकती थीं।

शपथ ग्रहण रविवार को लालबाग स्थित नगर निगम कार्यालय में हुआ। पहले सभी राजकुमार हॉल में शपथ के लिए इकट्ठा हुए। इसके बाद में मेयर ने कहा कि वह अपने चैंबर में शपथ दिलाएंगी। तब सभी मेयर के चैंबर में पहुंचे। वहां नगर आयुक्त और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में ललित को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के बाद लखनऊ मेयर के फ्रीज अधिकार फिर से बहाल हो गए। दरअसल, निकाय चुनाव-2023 में ललित तिवारी, भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार शुक्ला से 1672 वोटों के अंतर से हार गए थे। ललित ने कोर्ट में प्रदीप के हलफनामे को चुनौती दी। आरोप लगाया कि प्रदीप ने हलफनामे में अपनी दूसरी शादी छिपाई। आरोप साबित होने पर हाईकोर्ट ने प्रदीप का निर्वाचन रद्द कर दिया और ललित को पार्षद घोषित करने का आदेश दिया था।

सपा प्रत्याशी की पार्षद के तौर पर शपथ में देरी को लेकर मेयर ने कहा- एक महीने पहले मेरा मुंबई में एक कार्यक्रम था।



- हाईकोर्ट ने अधिकार छीने तो बैकफुट पर आईं सुषमा खर्कवाल




## मुरादाबाद में कॉकरोच जनता पार्टी के नाम पर साइबर फ्रॉड

मुरादाबाद में ग्रेजुएशन सेकंड ईयर के एक छात्र बिट्टू के साथ 'कॉकरोच जनता पार्टी' के नाम पर साइबर ठगी हो गई। सोशल मीडिया पर ट्रेंड देख छात्र ने फेसबुक पर दिख रहे ऑनलाइन फॉर्म को भर दिया। कुछ देर में उसके पास ओटीपी आ गया। उसने वेबपेज पर उसको पोस्ट किया, इसके बाद उसका फोन हैक हो गया। मुरादाबाद के विवेक कुमार के साथ भी 21 मई को ऐसा ही हुआ। लेकिन, उन्होंने समय रहते मोबाइल का इंटरनेट बंद कर दिया। विवेक और बिट्टू ने साइबर थाने में शिकायत की। एसपी क्राइम सुभाषचंद्र गंगवार कहते हैं- साइबर अपराधी ट्रेंडिंग मुद्दों का फायदा उठाकर ठगी कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से अनजान लिंक, APK फाइल और फर्जी कॉल से सावधान रहने की अपील की। ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन या NCRP पोर्टल पर शिकायत करने के लिए कहा।

> "गौर करने वाली बात यह है कि 'कॉकरोच जनता पार्टी' और 'हिट जनता पार्टी' दोनों ही रजिस्टर्ड पार्टियां नहीं हैं। ये सोशल मीडिया पर ट्रेंड हो रही सटायर और मीम कल्चर वाली डिजिटल कैंपेन हैं। भारत में पॉलिटिकल पार्टी बनने के लिए केवल वायरल होना काफी नहीं। इसके लिए ये 3 आधार होने जरूरी हैं।"




# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 का समापन

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया संबोधित

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत 'जिला प्रशिक्षण वर्ग' कार्यक्रम का समापन समारोह रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने उत्तर प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ सड़क, बिजली, पानी और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में तेजी से कार्य किए गए हैं, जिससे उत्तर प्रदेश विकास के नए मार्ग पर अग्रसर हुआ है। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने क्षेत्र पंचायत की विभिन्न जनहितकारी विकास योजनाओं का लोकार्पण भी किया। साथ ही उन्होंने संगठन एवं सरकार के कार्यों को दर्शाने वाली प्रदर्शनी का अवलोकन कर कार्यकर्ताओं की सराहना की। उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग को कार्यकर्ताओं की वैचारिक क्षमता और कार्यकुशलता बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण अभियान बताया।

समारोह में भाजपा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी, प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, विधायक योगेश शुक्ला, विधायक अमरेश कुमार तथा विधायक जय देवी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

फास्ट न्यूज

### संघ प्रमुख मोहन भागवत लखनऊ पहुंचे

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत रविवार को लखनऊ पहुंचे। वे 24 मई से 26 मई तक निराला नगर स्थित प्रशिक्षण वर्ग में हिस्सा लेंगे, जहां कार्यकर्ताओं के साथ संवाद और बौद्धिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के अंतर्गत कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम (सामान्य) का आयोजन 21 मई से 11 जून 2026 तक किया जा रहा है।

### बाइक सवारों को सामने से उड़ाया

लखनऊ। लखनऊ के गाजीपुर थानाक्षेत्र में तेज रफ्तार थार ने बाइक सवार दो दोस्तों को सामने से टक्कर मार दी। थार की टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक 5 फीट उछलकर सड़क किनारे जाकर गिरे। मौका देखकर थार चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। इस दौरान उसमें बाइक फंसी हुई कुछ दूर तक घिसटती चली गई।

मामला इंदिरानगर के सेक्टर-18 के पास का है। बी-ब्लॉक निवासी पीड़ित कार्तिकेय त्रिपाठी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शनिवार रात लगभग 10:30 बजे अपने दोस्त अमित सिंह के साथ घर जा रहे थे। सेक्टर-18 से आगे पहुंचे थे तभी एक तेज रफ्तार काले रंग की थार ने उनकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी।

### मदरसा शिक्षक ने गलत दस्तावेज से पाई नौकरी

लखनऊ। लखनऊ में मदरसा के एक निलंबित सहायक शिक्षक पर दस्तावेजों में गड़बड़ी कर नौकरी पाने आरोप लगा है। गलत जन्मतिथि दर्ज कराकर पासपोर्ट भी बनवा लिया है। इस मामले में एक वकील ने मुख्यमंत्री को शिकायती लेटर भेजकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। साथ ही महानगर थाने में मुकदमा भी दर्ज किया गया है।

राज्य सूचना आयोग ने वेतन रोकने के भी दिए निर्देश, अगली सुनवाई 18 जुलाई को

# सूचना न देने पर अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा प्रयागराज पर 25 हजार का जुर्माना

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। अपीलकर्ता श्री ईश्वर चंद्र मिश्रा द्वारा अपने दिवंगत पिता एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य स्वर्गीय श्री राम अवतार मिश्रा की विभिन्न विद्यालयों में दी गई सेवाओं को जोड़ते हुए पेंशन एवं अन्य देयकों की पुनर्गणना कराने के संबंध में दाखिल प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई की जानकारी न देने के मामले में राज्य सूचना आयोग ने सख्त रुख अपनाया है।

बताया गया कि स्वर्गीय श्री राम अवतार मिश्रा ने श्याम लाल गुप्ता जेटीसी ट्रेनिंग व इंटर कॉलेज, लाला रामस्वरूप शिक्षा संस्थान तथा जनता इंटर कॉलेज में सेवाएं दी थीं। इन सेवाओं को नियमानुसार जोड़ते हुए वेतन, भत्ते, पेंशन एवं पारिवारिक पेंशन सहित अन्य लाभों के भुगतान की मांग को लेकर श्री मिश्रा ने 25 सितंबर 2023 को प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा को प्रार्थना पत्र भेजा था। इसकी प्रतियां अपर निदेशक (माध्यमिक) प्रयागराज, जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ सहित अन्य अधिकारियों को भी भेजी गई थीं।




अपीलकर्ता ने अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा प्रयागराज स्तर पर अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी प्राप्त करने के लिए पांच बिंदुओं पर सूचना मांगी थी, लेकिन उन्हें कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। सूचना न मिलने पर उन्होंने राज्य सूचना आयोग उत्तर प्रदेश के समक्ष अपील दायर की। मामले की सुनवाई कई बार आयोग में सूचीबद्ध हुई, लेकिन आरोप है कि अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा प्रयागराज कार्यालय से न तो कोई अधिकारी उपस्थित हुआ और न ही अपीलकर्ता को सूचना उपलब्ध कराई गई।

30 अप्रैल 2026 को हुई सुनवाई में भी विभागीय पक्ष की अनुपस्थिति और सूचना उपलब्ध न कराए जाने पर आयोग ने इसे आयोग के आदेशों की अवहेलना मानते हुए अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा प्रयागराज पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। आयोग ने अंतिम अवसर देते हुए अगली सुनवाई की तिथि 18 जुलाई 2026 निर्धारित की है।

> आयोग ने अपने आदेश में संबंधित अधिकारी को सभी सूचनाओं के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी है कि आदेश का पालन न होने पर सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 20(2) के तहत विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है।
>
> इसके अलावा आयोग ने जिला कोषाधिकारी प्रयागराज को निर्देश दिया है कि जब तक आरोपित 25 हजार रुपये की वसूली नहीं हो जाती, तब तक संबंधित जन सूचना अधिकारी एवं अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा प्रयागराज का वेतन अवरुद्ध रखा जाए।

## पिकअप की टक्कर से युवक की मौत वाटर पार्क से लौटते समय हुआ हादसा

लखनऊ। लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतक की पहचान बंथरा के भदोई गांव निवासी कोटेदार खुशीराम के बेटे रवि के रूप में हुई है। रवि ने इसी साल इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। हादसे के बाद उसे गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे रेफर कर दिया गया। इसके बाद रवि को सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रवि रविवार सुबह अपने कुछ दोस्तों के साथ उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना क्षेत्र स्थित एक वाटर पार्क गया था। वहां से वह अपनी बाइक पर अकेले घर लौट रहा था।

## तकनीकी समस्या दूर, आयुष्मान योजना के अस्पतालों को फिर शुरू हुआ भुगतान

तमसा संकेत, संवाददाता

- योगी सरकार की तत्परता से सुलझी बैंकिंग की तकनीकी समस्या, 14 मई से रुक गया था भुगतान
- तकनीकी समस्या के कारण रुक गया था अस्पतालों का 600 करोड़ रुपये का भुगतान
- 23 मई को जारी हुए 100 करोड़, अगले एक-दो दिन में 500 करोड़ रुपये का हो जाएगा भुगतान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'गो संरक्षण से समृद्धि' मॉडल अब जमीन से उठकर ग्लोबल मंच पर अपनी ताकत दिखा रहा है। उत्तर प्रदेश में देशी गायों के सहारे न सिर्फ 10 करोड़ रुपये का सालाना कारोबार खड़ा हुआ है, बल्कि यूके, यूएसए, ऑस्ट्रेलिया समेत 10 से अधिक देशों में 'मेड इन यूपी' गो उत्पादों की धूम मच गई है। यह मॉडल सिर्फ गोसेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे एक सशक्त आर्थिक ताकत में बदल दिया गया है। 'हेता' (HETHA) के जरिए 1000 से ज्यादा देशी गायों पर आधारित एथिकल डेयरी सिस्टम खड़ा किया गया है, जिसने देशी नस्लों को बाजार से जोड़कर आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा लिख दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस मॉडल से संरक्षित साहीवाल गाय की आरती और गोपूजन कर चुके हैं। सीएम योगी की प्रेरणा से सिकंदरपुर, गाजियाबाद के असीम रावत ने इस अभियान की शुरुआत की। असीम 14 साल तक लगातार अमेरिका समेत दुनिया के तमाम देशों की दिग्गज सॉफ्टवेयर कंपनियों में इंजीनियर रहे। फिर इन्होंने गो संरक्षण की राह चुनी। आज 100 लोगों की एक स्पेशल टीम के साथ वे इस मिशन को न सिर्फ चला रहे हैं, बल्कि इसे ग्लोबल ब्रांड बना दिया है।

## ग्रामीण विकास को नई गति दे रही डबल इंजन सरकार : केशव प्रसाद

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को गौरा रिसॉर्ट, मोहनलालगंज, रायबरेली रोड, लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में विकास खण्ड मोहनलालगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्रीय वित्त आयोग एवं पंचम वित्त (राज्य वित्त आयोग) से निर्मित 32 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 3 करोड़ रुपये है। लोकार्पित परियोजनाओं में सी.सी. रोड निर्माण, खड़ंजा निर्माण एवं मरम्मत, इंटरलॉकिंग, नाला एवं नाली निर्माण, आर.ओ. वाटर प्लांट स्थापना, तालाब निर्माण तथा पंचायत भवनों के मरम्मत कार्य शामिल हैं।

उप मुख्यमंत्री ने जिन प्रमुख परियोजनाओं का लोकार्पण किया, उनमें ग्राम पंचायत सिसेंडी में बड़े शिवालय मंदिर से सोनू शुक्ला की दुकान तक सी.सी. रोड निर्माण, दयालपुर में भज्जन मऊ डामर रोड खड़ंजा निर्माण, हसनपुर में सी.सी. रोड एवं नाला निर्माण, रायभान खेड़ा में नाली निर्माण, परसपुरठ्ठा एवं गौतम खेड़ा में नाली व इंटरलॉकिंग कार्य, नन्दौली में खड़ंजा मरम्मत, सलेमपुर अचाका एवं रघुनाथ खेड़ा में इंटरलॉकिंग व सी.सी. रोड निर्माण, धतौनी में नाला निर्माण, डलौना में चन्दा ताली तालाब निर्माण, उतरावां एवं कुशमौरा में आर.ओ. वाटर कार्य सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में अनेक विकास कार्य शामिल हैं।



- मोहनलालगंज क्षेत्र में लगभग 3 करोड़ रुपये लागत की 32 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

गो संरक्षण विशेष : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी की है इस मॉडल से संरक्षित साहीवाल गाय की आरती और गोपूजन

# यूके, यूएसए, ऑस्ट्रेलिया समेत 10 से अधिक देशों में बजा यूपी का डंका

- सीएम योगी की प्रेरणा से अमेरिकी सॉफ्टवेयर इंजीनियर समेत टीम 100 ने संभाला देशी गायों के संरक्षण का जिम्मा
- देशी गायों से बने ए2 दूध, बिलौना घी, ब्राह्मी घृत, शतधौत घृत, कुकीज, लड्डू, हर्बल चाय समेत 150 प्रकार के प्रोडक्ट की दुनिया में धूम

एक हजार से ज्यादा देशी गायों के सहारे 10 करोड़ रुपये के सालाना कारोबार का एथिकल डेयरी मॉडल

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'गो संरक्षण से समृद्धि' मॉडल अब जमीन से उठकर ग्लोबल मंच पर अपनी ताकत दिखा रहा है। उत्तर प्रदेश में देशी गायों के सहारे न सिर्फ 10 करोड़ रुपये का सालाना कारोबार खड़ा हुआ है, बल्कि यूके, यूएसए, ऑस्ट्रेलिया समेत 10 से अधिक देशों में 'मेड इन यूपी' गो उत्पादों की धूम मच गई है। यह मॉडल सिर्फ गोसेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे एक सशक्त आर्थिक ताकत में बदल दिया गया है। 'हेता' (HETHA) के जरिए 1000 से ज्यादा देशी गायों पर आधारित एथिकल डेयरी सिस्टम खड़ा किया गया है, जिसने देशी नस्लों को बाजार से जोड़कर आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा लिख दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस मॉडल से संरक्षित साहीवाल गाय की आरती और गोपूजन कर चुके हैं। सीएम योगी की प्रेरणा से सिकंदरपुर, गाजियाबाद के असीम रावत ने इस अभियान की शुरुआत की। असीम 14 साल तक लगातार अमेरिका समेत दुनिया के तमाम देशों की दिग्गज सॉफ्टवेयर कंपनियों में इंजीनियर रहे। फिर इन्होंने गो संरक्षण की राह चुनी।





### डेयरी मास्टर प्लान के तहत लाखों रुपये अनुदान

पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार योगी सरकार इस मॉडल को व्यापक बनाने के लिए बड़े स्तर पर नीतिगत समर्थन भी दे रही है। 'ऑपरेशन-4' के तहत स्वदेशी गायों के पालन पर 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। डेयरी मास्टर प्लान के तहत 2 से 25 गायों तक पशु पालकों को लाखों रुपये का अनुदान मिल रहा है। योजना में 15 प्रतिशत स्वयं निवेश, 35 प्रतिशत बैंक ऋण और 50 प्रतिशत सब्सिडी का स्पष्ट फार्मूला लागू किया गया है।

## दोस्त ने 2 लड़कों के साथ मिलकर 3 दिनों तक बंधक बनाया, पिता बोले- एनकाउंटर हो

# यूपीएससी की तैयारी कर रही युवती से लखनऊ में गैंगरेप

**वारदात**

तमसा संकेत, एजेंसी




**युवती की हालत बिगड़ने पर कैब से उसे चारबाग ले गया और सुहेलदेव एक्सप्रेस में बैठाकर उसे दिल्ली भेज दिया। डरी सहमी युवती दिल्ली पहुंची तो फोन पर परिजन सूचना दी। पीड़िता की शिकायत पर दिल्ली में एफआईआर दर्ज की गई है।**

लखनऊ । UPSC की तैयारी कर रही एक युवती से लखनऊ में गैंगरेप किया गया। 3 दिनों तक उसे एक रूम में बंधक बनाकर रखा गया। पहले दिन उसके दोस्त ने रेप किया और उसके बाद वह अपने 2 दोस्तों के साथ मिलकर अगले 2 दिनों तक जबरदस्ती करता रहा।

जौनपुर की रहने वाली युवती दिल्ली में रहकर तैयारी करती है। 15 मई को वह दिल्ली जाने के लिए ट्रेन पर सवार हुई थी। लेकिन लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंची तो उसका दोस्त वहां पहुंच गया। उसने उसे रोक लिया और उसे सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में अपने रूम पर लेकर गया। आरोपी दोस्त शिवम यादव जौनपुर के जलालपुर का रहने वाला है। जौनपुर की रहने वाली युवती दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी करती है। वह एक निजी कॉलेज से बीए ऑनर्स की कोर्स भी कर रही है और सेकेंड ईयर में है। कॉलेज में छुट्टी होने पर वह 1 मई को अपने घर आई थी।

पीड़िता ने बताया कि एग्जाम की डेट आने के बाद वह 15 मई को दिल्ली वापस जाने के लिए निकली। पिता जाफराबाद रेलवे स्टेशन पर सुहेलदेव एक्सप्रेस में बैठाकर चले गए। युवती ने बताया कि ट्रेन में बैठने के बाद उसने अपने दोस्त शिवम यादव को वॉट्सएप पर मैसेज किया। युवती उसे चार साल से जानती है। मैसेज मिलने के बाद वह उससे मिलने चारबाग स्टेशन पर आया। वहां मिलने के बाद उसने रूम पर चलने को कहा। बार-बार रिक्वेस्ट पर वह मान गई। शिवम उसे लेकर सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में अपने रूम में गया।

### हालत बिगड़ी तो छोड़ा, ट्रेन में बैठाया

युवती ने बताया कि तीन दिनों तक गैंगरेप से उसकी हालत बिगड़ने लगी। इसके बाद उन लोगों ने कैब बुक किया और चारबाग स्टेशन लेकर गए। वहां सुहेलदेव एक्सप्रेस ट्रेन में स्लीपर की टिकट लेकर बैठा दिया। युवती जब बरेली पहुंची तो उसने अपने पिता को फोन कर पूरी आपबीती बताई। युवती की बातें सुनकर पिता ने 139 रेलवे हेल्पलाइन पर फोन कर मदद मांगी। इसके बाद जीआरपी पहुंची। युवती से बात की और पूरी घटना परिजन को बताई।

जीआरपी ने दिल्ली के आनंद विहार थाने को रिपोर्ट किया। अगले दिन थाने में उसके परिजन भी पहुंच गए। युवती के बयान के आधार पर आनंद विहार थाने की पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली।




### शिवम के साथ एक और युवक था

युवती ने बताया कि शिवम जब उससे मिलने चारबाग स्टेशन पहुंचा था तो उसके साथ एक और लड़का था। उसका नाम शनि यादव था। कैब करके वह, उसके साथ आया शनि यादव और शिवम रूम पर गए।

रूम पर पहुंचने के बाद शिवम और वह रुक गए। जबकि शनि खाने का सामान लेने चला गया। करीब आधा घंटा बाद वह वापस आया और खाना देकर वापस चला गया। शिवम और मैंने खाना खाया। इसके बाद हम दोनों ने कॉफी साथ पीया। पीड़िता ने बताया कि कॉफी पीने के बाद उसे नींद आने लगी। उसे थोड़ा चक्कर जैसा भी आने लगा था।

## वीआईपी दर्शन कराने के नाम पर ठगने में 25 गिरफ्तार

### काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शनार्थियों को बना रहे थे निशाना

तमसा संकेत, एजेंसी



वाराणसी। काशी विश्वनाथ मंदिर में स्पर्श दर्शन और वीआईपी दर्शन के नाम पर दर्शनार्थियों को ठगने वाले दलाली के 25 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें से चौक पुलिस ने 22 और दशाश्वमेध पुलिस ने 3 आरोपियों को दबोचा है।

आरोपियों को मंदिर, घाट के आसपास से पकड़ा गया है। कुछ विप्र वेशभूषा में थे तो कुछ सामान्य तरीके से पर्यटकों को फंसाने का प्रयास कर रहे थे। हालांकि पुलिस को देखकर सभी भागने लगे, सिपाहियों ने इन्हें दौड़ाकर दबोचा और थाने ले आए।

पूछताछ में पता चला कि जालसाज मंदिर के आसपास और मुख्य रास्तों पर पुजारी और श्रद्धालु बनकर घूमते थे। वे दर्शनार्थियों को 'स्पर्श दर्शन' या जल्दी दर्शन कराने का झांसा देकर उनसे 500 से 2000 तक वसूलते थे।

पुलिस की पूछताछ में सभी ने श्रद्धालुओं से दर्शन के बहाने ठगी करने, गुमराह करके बड़ी रकम ऐंठने की बात कुबूल की। हालांकि दबी जुबान में मंदिर परिसर में तैनात कर्मचारियों की मिलीभगत की बात भी सामने आ रही है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

बता दें कि रविवार को पुलिस ने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में 'सुगम' और 'VIP' दर्शन कराने के नाम पर श्रद्धालुओं से अवैध वसूली करने और ठगी करने वाले कई फर्जी पंडा-पुजारियों और दलालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया है।

**फास्ट न्यूज़**

### अफेयर के शक में पिता-पत्नी को मार डाला

बुलंदशहर। यूपी के बुलंदशहर में रविवार को झोलाछाप डॉक्टर ने पिता और पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी ने लाइसेंसी पिस्टल से पिता की कनपटी पर गोली मारी, जबकि पत्नी के सीने और पेट में फायर किया। SSP दिनेश कुमार सिंह ने बताया- आरोपी को शक था कि उसके पिता के उसकी पत्नी से अवैध संबंध थे। इसी बात को लेकर पहले भी कई बार कहासुनी हो चुकी थी।

### मलिहाबादी आम आंधी-बारिश से 60% कम हुआ

लखनऊ। यूपी में मलिहाबाद के दशहरी आम की पैदावार पर आंधी-बारिश का असर पड़ा है। सिर्फ 40% पेड़ों पर ही आम आए हैं। इस साल पैदावार कम हुई, इसलिए बाजार में आम कुछ महंगा बिकेगा। किसान मानते हैं कि 50-60 रुपए किलो के भाव पर बिकने वाला आम इस सीजन 100-120 रुपए किलो तक मिलेगा। इस बार साइज भी पिछले सालों से थोड़ा छोटा रहने वाला है। किसान कहते हैं- यूं तो 12 मई से पेड़ों से आम तोड़े जाने लगे हैं, लेकिन ये उतने रसीले नहीं हैं। 1 से 10 जून के बीच में तोड़े जाने वाले आम का स्वाद रसीला और मीठा होगा।

### कब्र से बच्चे का शव निकाला

बदायूं। बदायूं में निर्माणाधीन वाटर पार्क में डूबने से 7 साल के बच्चे की मौत के मामले में जिला प्रशासन हरकत में आ गया। डीएम अवनीश राय के आदेश पर रविवार को बच्चे के शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस ने मामले में वाटर पार्क संचालक और केयरटेकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## वाराणसी के नमो घाट पर युवक की पीट-पीटकर हत्या

### 10-12 गाड्‌र्स ने लाठी-डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया

तमसा संकेत, एजेंसी


राजेश जायसवाल, मृतक

वाराणसी। वाराणसी में एक 17 साल के युवक को बाउंसर्स और गाड्‌र्स ने पीट-पीटकर मार डाला। मृतक के दोस्त ने बताया कि रविवार तड़के 5 दोस्त नमो घाट घूमने पहुंचे थे। वहां प्राइवेट गाड्‌र्स ने रोका। कहासुनी होने के बाद वे दूसरी ओर चले गए। लेकिन लौटने पर 10-12 गाड्‌र्स और बाउंसर्स ने घेर लिया और मारने-पीटने लगे।

घाट पर अफरा-तफरी मच गई। लोग जुटे तो गाड्‌र्स ने उनको छोड़ा। इस मारपीट में एक युवक को गंभीर चोटें आईं जबकि चार अन्य भी चोटिल हुए। स्थानीय लोगों की मदद से युवक को मंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।

युवह की पहचान सोनभद्र के राजेश जायसवाल उर्फ चिंटू (17) के रूप में हुई है। वह शनिवार देर शाम को दवा लेने के लिए बनारस आया था। दवा लेने के बाद दोस्तों के साथ नमो घाट घूमने गया था। पुलिस ने आरोपी 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आसपास के CCTV चेक किए जा रहे हैं।

बृजेश गुप्ता ने बताया- राजेश जायसवाल अपने 4 दोस्तों के साथ सोनभद्र से बनारस आया था। वह अपने परिवार के किसी व्यक्ति के लिए दवा लेने गया था। राजेश के दीदी-जीजा भी बनारस में ही रहते हैं। इसलिए वह रात में उनके घर ही रुके थे। रविवार तड़के 3 बजे पांचों दोस्त नमो घाट घूमने पहुंचे।

## यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा, यूपी के 9 जिलों में एग्जाम, फेस स्कैन के बाद एंट्री

# 'होर्मुज स्ट्रीट किस देश की सीमा से गुजरता है'

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर । संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा आज यानी 24 मई को हो रही है। उत्तर प्रदेश के 9 जिलों प्रयागराज, लखनऊ, आगरा, गोरखपुर, कानपुर, मेरठ, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर और बरेली में एग्जाम सेंटर बनाए गए हैं।

देश में कुल 83 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें भुवनेश्वर, कानपुर और मेरठ में हाल ही में जोड़े गए तीन नए केंद्र भी शामिल हैं। इस बार परीक्षा में पहली बार फेस ऑथेंटिकेशन सिस्टम लागू किया गया है। कैंडिडेट्स को एग्जाम सेंटर में एंट्री से पहले फेस ऑथेंटिकेशन प्रोसेस से गुजरना पड़ा। यानि कैंडिडेट्स जब सेंटर पहुंचें तो उनका फेस स्कैन किया गया। वेरिफाइड होने के बाद उन्हें अंदर जाने दिया गया। प्रयागराज में पहली पाली की परीक्षा देकर निकले विकास ने बताया- मिडिल इस्ट क्राइसिस से सवाल पूछे गए। इसमें था कि होर्मुज स्ट्रीट किस देश की सीमा से होकर गुजरता है।




परीक्षा दो पालियों में हो रही है। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक हुई। दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक होगी।

गोरखपुर में व्हीलचेयर से एग्जाम सेंटर पर पहुंचे अरविंद प्रसाद ने कहा- पेपर का लेवल बहुत टफ नहीं था। ऑनलाइन पढ़ाई करते हैं। ज्यादा-ज्यादा पढ़ने की कोशिश करता हूं।



### परीक्षा देकर निकले सौरभ ने कहा- करेंट अफेयर्स से ज्यादा सवाल

प्रयागराज में परीक्षा देकर निकले छात्र सौरभ कुमार सिंह ने बताया कि कुल 100 प्रश्नों के इस पेपर में इस बार स्टैटिक्स (पारंपरिक विषयों) के मुकाबले कर करंट अफेयर्स (सामयिकी) का हिस्सा काफी ज्यादा था। प्रश्न काफी लंबे (लेंदी) थे, जिसके कारण उन्हें हल करने में बहुत अधिक समय लगा। समय प्रबंधन (Time Management) इस बार छात्रों के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हुआ।

### मेरठ के पहली बार परीक्षा केंद्र बनने पर यूपीएससी के चेयरमैन पहुंचे

संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज पहली बार मेरठ के 14 केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। UPSC चेयरमैन डा. अजय कुमार एक दिवसीय दौरे पर मेरठ पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा-हमारा प्रयास है कि हमारे किसी भी अभ्यर्थी को कोई परेशानी न हो। पहले जो लोग 300- 400 किलोमीटर दूर जाकर परीक्षा देते थे, अब उनको नजदीक सेंटर मिलने से आसानी होगी। इसी प्रकार भविष्य में हम और भी केंद्रों की संख्या ऐसी जगह बढ़ाएंगे जहां अभ्यर्थियों को सुविधा मिले।

## सांसद अफजाल अंसारी के भाई की दुकानें रिलीज नहीं करने का मामला

# गाजीपुर के डीएम अनुपम शुक्ल को अवमानना नोटिस

**निर्देश**

तमसा संकेत, एजेंसी



प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा सांसद अफजाल अंसारी के चचेरे भाई मंसूर अंसारी की दुकानों के रिलीज से जुड़े अवमानना मामले में गाजीपुर के डीएम अनुपम शुक्ल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें आदेश का अनुपालन न करने पर स्पष्टीकरण देने को कहा है। साथ ही मामले पर अगली सुनवाई के लिए 14 जुलाई की तारीख तय करते हुए इसे शीर्ष दस मुकदमों में सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है।

इसके पूर्व कोर्ट को बताया कि गाजीपुर के डीएम ने 26 दिसंबर 2023 के आदेश से सपा सांसद अफजाल अंसारी के चचेरे भाई मंसूर अंसारी की 18 दुकानें गैंगस्टर एक्ट के तहत जब्त कर ली थीं। मंसूर अंसारी ने इसके विरुद्ध गाजीपुर में गैंगस्टर एक्ट की विशेष अदालत में प्रार्थना पत्र दिया, जो खारिज हो गया।

इसके बाद उसने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की, जिस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने गत 12 मार्च को विशेष अदालत गैंगस्टर एक्ट और डीएम गाजीपुर के आदेशों को निरस्त करते हुए जब्त संपत्ति रिलीज करने का निर्देश दिया। अवमानना याचिका में आरोप है कि इस आदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है।

> **यह आदेश न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र ने मंसूर अंसारी की अवमानना याचिका पर दिया है। पूर्व में डीएम अविनाश कुमार को पक्षकार बनाया गया था। गाजीपुर में नए डीएम की तैनाती होने के कारण अधिवक्ता ने उन्हें पक्षकार बनाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया।**
>
> **कोर्ट ने नए डीएम को पक्षकार बनाने की अनुमति देते हुए वर्तमान डीएम अनुपम शुक्ल को विपक्षी संख्या-2 के रूप में याचिका में शामिल करने को कहा।**

# माघ मेले में हुई घटना पहले से थी प्लान : अविमुक्तेश्वरानंद

### अविमुक्तेश्वरानंद का मुस्लिम समाज ने किया समर्थन

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अपनी गौ रक्षा यात्रा के दौरान शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। जहां जगह-जगह उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। यात्रा के प्रयागराज पहुंचने पर सबसे पहले धूमनगंज में स्वागत हुआ। इसके बाद यात्रा तेलियरगंज, फाफामऊ चौराहा, थरवई चौराहा होते हुए फूलपुर और प्रतापपुर तक पहुंची, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने फूल-मालाओं के साथ उनका स्वागत किया और गौ माता की रक्षा के समर्थन में नारे लगाए।

यात्रा के अंत में अविमुक्तेश्वरानंद ने एक प्रेस वार्ता की। जिसमें उन्होंने माघ मेला में हुई घटना को लेकर एक जांच रिपोर्ट को किताब के रूप में पेश किया है। साथ ही आरोप लगाया कि वहा मंशा के अनुसार घटना कराई गई थी, वह घटना एक घटना नहीं थी, पहले से प्लान था।



फूलपुर बस अड्डे पर कांग्रेस गंगापार जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शंकराचार्य का स्वागत किया। इस दौरान "जगद्गुरु शंकराचार्य की जय", "गौ माता की जय" और अन्य नारों के बीच माहौल भक्तिमय बना रहा।

अपने संबोधन में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि गौ माता की रक्षा के लिए सभी लोगों को तन, मन और धन से आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग गौ माता के विरोधी हैं, वह उनका विरोध करते हैं। साथ ही उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि धर्म और सनातन के नाम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस नेता अशफाक अहमद ने कहा कि जो सरकार संतों और धर्माचार्यों का सम्मान नहीं करती, ऐसी सरकार को बदल

## पृष्ठ 01 का शेष...

### पश्चिम बंगाल ...

वहीं, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बीजेपी की जीत के बाद तृणमूल कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है.

फलता एक विधानसभा सीट है जो पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में आती है. यह इलाका टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी के डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र के अंदर पड़ता है. यानी यह टीएमसी का गढ़ माना जाता था.

29 अप्रैल को इस सीट पर पहली बार वोटिंग हुई थी. लेकिन वोटिंग के दौरान बहुत बड़े आरोप लगे. कहा गया कि ईवीएम मशीनों से छेड़छाड़ हुई, बूथों पर कब्जा किया गया और वोटरों को डराया-धमकाया गया. मामला इतना बड़ा हो गया कि चुनाव आयोग को पूरे इलाके की वोटिंग रद्द करनी पड़ी.

यह सीट पहले टीएमसी के पास थी. और यह इलाका टीएमसी के बड़े नेता अभिषेक बनर्जी का गढ़ माना जाता है. ऐसे में बीजेपी का यहां इतने बड़े अंतर से जीतना पश्चिम बंगाल की राजनीति में ममता बनर्जी के लिए एक बड़ा संदेश है.

### टीएमसी उम्मीदवार ...

उन्होंने आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा को 'सिंघम' बताते हुए खुद को 'पुष्पा' कहा था. उनका बयान, 'पुष्पा झुकेगा नहीं' सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया था.

शुरुआती दिनों में उनकी रैलियों और सभाओं में बड़ी भीड़ भी देखने को मिली. लेकिन रिपोल से ठीक पहले अचानक चुनाव छोड़ने के फैसले ने पूरे मामले को और ज्यादा नाटकीय बना दिया. इसके बाद सोशल मीडिया पर 'पुष्पा झुक गया', 'मैदान छोड़कर भाग गए' जैसे मीम्स और राजनीतिक टिप्पणियां तेजी से वायरल होने लगीं.

### मुख्यमंत्री शुभेंदु ...

साथ ही कहा कि बीजेपी विकास के जरिए इस भरोसे का जवाब देगी और 'गोल्डन फलता' बनाएगी.

### बलूचिस्तान में रेलवे...।

इस वजह से बलूचिस्तान में सेना और लोगों का संघर्ष आज भी जारी है।

BBC के मुताबिक बलूचिस्तान में आजादी की मांग करने वाले कई संगठन हैं, लेकिन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (BLA) सबसे ताकतवर संगठन है। ये संगठन 70 के दशक में अस्तित्व में आया और 21वीं सदी में इसका प्रभाव बढ़ा है।

BLA बलूचिस्तान को पाकिस्तानी सरकार और चीन से मुक्ति दिलाना चाहता है। उनका मानना है कि बलूचिस्तान के संसाधनों पर उनका हक है। पाकिस्तान सरकार ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी को 2007 में आतंकी संगठनों की सूची में शामिल किया था।

ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2025 के मुताबिक, बुर्किना फासो के बाद पाकिस्तान दुनिया का दूसरा सबसे आतंक प्रभावित देश बन चुका है, जबकि 2024 में यह चौथे स्थान पर था।

### जाफर एक्सप्रेस को ...

यह ट्रेन जिन इलाकों से गुजरती है वहां बलूच लिबरेशन आर्मी (BLA) का दबदबा है, इस वजह से इस ट्रेन को कई बार निशाने पर लिया गया है। पिछले साल BLA ने जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लिया। तब BLA ने 214 पैसेंजर्स को बंधक बनाने और 30 सैनिकों की हत्या की बात कही थी।

### ईरान के साथ ...

ट्रम्प ने कहा, "दोनों पक्षों को समय लेना चाहिए और चीजों को सही तरीके से करना चाहिए। इसमें कोई गलती नहीं हो सकती।" उन्होंने दोहराया कि ईरान को किसी भी हालत में परमाणु हथियार या परमाणु बम विकसित करने या हासिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के समय 2015 में ईरान के साथ जो परमाणु समझौता हुआ था, उसे आसान भाषा में ईरान न्यूक्लियर डील कहा जाता है। इसका आधिकारिक नाम जॉइंट कॉम्प्रिहेंसिव प्लान ऑफ एक्शन (JCPOA) था।

### वोट की सुरक्षा इज्जत...

पार्टी के पक्ष में बढ़ते हुए जन रुझान से यूपी में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनेगी. कहा कि धुरंधर व जुगाड़ू विरोधियों की हर चाल का मुकाबला 2007 की तरह ही पूरी तरह से डट कर करना है. पार्टी प्रत्याशियों के चयन के बारे में बरती जा रही सावधानी जरूरी है. कुल मिलाकर, 'हाथी पर बटन दबाना है, सत्ता में वापस आना है' का मिशन यानि 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की सरकार एक बार फिर लाने के लिए पूरे जी-जान से वोट की सुरक्षा अपनी इज्जत-आबरू, जान-माल व मजहब की तरह से करनी है.

### भाजपा सरकार ने देश ...

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने समाज में नफरत फैलाकर राजनीति की है और लोककल्याणकारी शासन व्यवस्था को कमजोर किया है।

सपा प्रमुख ने कहा कि 2022 में सत्ता से चूक हुई थी, लेकिन 2027 में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि जनता समाजवादी पार्टी के साथ है और पार्टी का लक्ष्य भारी बहुमत से सरकार बनाना है।

उन्होंने कहा कि पीडीए (PDA) समाज की एकजुटता ही जीत की गारंटी है और 2024 लोकसभा चुनाव इसका उदाहरण है।

### 'बिजली आपूर्ति में ...

मुख्यमंत्री ने राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता को और सुदृढ़ बनाने तथा गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए उत्पादन इकाइयों की अधिकतम क्षमता का उपयोग किया जाए और सभी संयंत्रों में तकनीकी दक्षता तथा रखरखाव व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 13,388 मेगावाट हो गई है। इसमें अनपरा, ओबरा, हरदुआगंज, परीछा, जवाहरपुर और पनकी जैसे तापीय विद्युत गृहों की 9,120 मेगावाट क्षमता शामिल है, जबकि जल विद्युत परियोजनाओं से 526.4 मेगावाट क्षमता उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त मेजा, घाटमपुर और खुर्जा परियोजनाओं से संयुक्त उपक्रमों के माध्यम से 3,742 मेगावाट क्षमता राज्य को प्राप्त हो रही है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2026 तक उत्पादन निगम की स्थापित क्षमता में 86 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त, गैर पारंपरिक ऊर्जा विकल्पों से लगभग 10 हजार मेगावॉट बिजली उत्पादन हो रहा है।

### अधिकारियों को ...

बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के पास वर्तमान में 60,858 सर्किट किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइनें संचालित हैं। प्रदेश में 715 उपकेंद्रों के माध्यम से 2,05,632 एमवीए क्षमता उपलब्ध है। ट्रांसमिशन नेटवर्क की उपलब्धता 99.30 प्रतिशत दर्ज की गई है, जबकि पारेषण हानियां घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई हैं।

### राहुल का मोदी ...

बार-बार, लोगों ने इन तत्वों को करारा जवाब दिया है। भारत को आग के हवाले करने की 'INDI गठबंधन' की साजिश कभी कामयाब नहीं होगी।

उधर भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि देश की जनता समझदार है। क्या आप भारत के लोगों को उकसाकर दंगे भड़का पाएंगे? नहीं, राहुल जी। भारत में संविधान का राज चलता है और लोकतंत्र की जीत होती है।

राहुल गांधी ने शनिवार को कांग्रेस की बैठक में कहा कि एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक हालात और देश में बढ़ता आर्थिक असंतोष इसके बड़े कारण बनेंगे। जिस तरह परिस्थितियां बन रही हैं और लोगों में नाराजगी बढ़ रही है, उसका असर भारत की राजनीति पर दिखाई देगा।

राहुल गांधी का केंद्र सरकार गिरने की भविष्यवाणी फिलहाल तो दावा है। लेकिन असल में लोकसभा में भाजपा के पास अकेले बहुमत नहीं है।

## 10.09 सेकेंड में जीते, दो बार नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा, पर्ची दिखाई- अभी काम पूरा नहीं

# गुरिंदरवीर 100 मीटर में भारत के सबसे तेज धावक

**शानदार**

रांची, एजेंसी



10.10 मार्क पहली बार क्रैक

रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में शनिवार का दिन भारतीय एथलेटिक्स के लिए ऐतिहासिक रहा। पंजाब के 25 साल स्प्रिंटर गुरिंदरवीर सिंह ने एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में पुरुषों की 100 मीटर दौड़ को महज 10.09 सेकेंड में पूरा किया और नया नेशनल रिकॉर्ड बनाया।

यह रिकॉर्ड इसलिए भी खास है, क्योंकि भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में पहली बार 100 मीटर रेस में 10.10 सेकेंड का मार्क क्रैक हुआ है यानी कि किसी भारतीय एथलीट ने पहली बार 100 मीटर की रेस को 10.10 सेकेंड से कम समय में पूरा किया। गुरिंदरवीर ने फिनिश लाइन पार करते ही सीने पर लगा बिब नंबर उखाड़ा दिया और जोश में चिल्लाते हुए ट्रैक पर जूते फेंक दिए। इवेंट के बाद गुरिंदरवीर ने कहा- 'लोग कहते थे कि भारतीयों के पास 100 मीटर के लिए जीन नहीं हैं। मैं सबको गलत साबित करना चाहता था। भारतीय जीन बहुत मजबूत हैं और यह सिर्फ शुरुआत है।' गुरिंदरवीर ने कहा- 'बहुत अच्छी फीलिंग है। जैसी ट्रेनिंग चल रही थी, वैसे रिजल्ट भी मिल रहे हैं। आगे भी ट्रेनिंग अच्छी रहेगी और अच्छे रिजल्ट मिलेंगे। ट्रेनिंग में जिन चीजों की कमी थी, उन्हें सुधारा। कमजोरियां दूर कीं, स्ट्रेन्थ बढ़ाई। आखिरी मिनट में फिजिकल से ज्यादा मेंटल गेम होता है। जो अपने आप को मानसिक रूप से मजबूत रख पाएगा, वो जीतेगा।'

### इस सीजन एशिया के दूसरे सबसे तेज धावक बने

गुरिंदरवीर का यह समय इस सीजन में पूरे एशिया का दूसरा सबसे तेज समय है, जो जापान के फुकुतो कोमुरो (10.08 सेकेंड) से सिर्फ .01 सेकेंड पीछे है। इसके साथ ही उन्होंने 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स के क्वालिफिकेशन मार्क (10.16 सेकेंड) को भी आसानी से पार कर लिया। सीनियर फेडरेशन कप में गुरिंदरवीर ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी अनिमेष कुजूर को चौंकाते हुए पीछे छोड़ दिया।

### 5 मिनट में 2 बार टूटा नेशनल रिकॉर्ड

यहां पंजाब के गुरिंदरवीर और ओडिशा के अनिमेष के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिले। अनिमेष पिछले साल बनाए गए 10.18 सेकेंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय के साथ प्रतियोगिता में प्रबल दावेदार थे। लेकिन शुक्रवार को पहले दिन 25 वर्षीय गुरिंदरवीर ने शुरुआती सेमीफाइनल हीट में इसे 10.17 सेकेंड तक कम कर दिया। इसके महज 5 मिनट बाद 22 साल के अनिमेष ने दूसरे सेमीफाइनल हीट में 10.15 सेकेंड का समय निकालकर नेशनल रिकॉर्ड वापस हासिल कर लिया। जिसे फाइनल में गुरिंदरवीर एक बार फिर अपने नाम कर लिया।




**गुरिंदरवीर ने फाइनल में अनिमेष से 0.11 सेकेंड तेज दौड़ लगाई। उन्होंने अपने युवा प्रतिद्वंद्वी से कम से कम दो फीट आगे रहते हुए फिनिश लाइन पार की। रिलायंस फाउंडेशन के ही प्रणव गुरव 10.29 सेकेंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे।**

**66** 1896 में मॉडर्न ओलिंपिक की शुरुआत हुई थी। 1928 तक 100 मीटर चैंपियन श्वेत एथलीट थे। 1932 में एडी टोलन पहले अश्वेत ओलिंपिक 100 मीटर चैंपियन बने। 1984 से 2024 तक ओलिंपिक में अश्वेत ही 100 मीटर चैंपियन रहा। 2020 में टोक्यो ओलिंपिक का गोल्ड जीतने वाले लेमॉन्ट मार्सेल जैकब्स के पिता अफ्रीकी मूल के थे, जबकि मां इटैलियन थीं। इसलिए उन्हें भी ब्लैक में गिना गया है।

# श्रेयस रनचेज में शतक लगाने वाले चौथे कप्तान शमी को छठी बार पहली गेंद पर विकेट

लखनऊ, एजेंसी

पंजाब किंग्स ने IPL 2026 के 68वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 7 विकेट से हरा दिया। श्रेयस अय्यर IPL के रनचेज में शतक लगाने वाले चौथे कप्तान बने। उन्होंने टी-20 क्रिकेट में अपने 7 हजार रन भी पूरे किए। शमी ने प्रियांश आर्या को आउट कर IPL में छठी बार पारी की पहली गेंद पर विकेट लिया।

### फैंस ने चीयरलीडर से बदसलूकी की



लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में मैच के दौरान कुछ फैंस ने चीयरलीडर से बदसलूकी की। शिकायत के बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन फैंस को फटकार लगाई और कारवाई की चेतावनी भी दी। इसका वीडियो सोशल प्लेटफार्म X पर पोस्ट हुआ।

20 सेकंड के वीडियो में कुछ फैंस चीयरलीडर को परेशान कर रहे हैं और चीयरलीडर फैंस को ऐसा नहीं करने के लिए कह रही है। एक महिला पुलिस कर्मी भी फैंस को डांट लगाती दिख रही है।

IPL में पंजाब किंग्स की सबसे लंबी हार का सिलसिला 2015 में 7 मैचों का रहा था। 2026 में टीम लगातार 6 मैच हार चुकी थी, लेकिन लखनऊ के खिलाफ जीत के साथ यह सिलसिला टूट गया। इससे पहले पंजाब को 2011, 2018 और 2020 में लगातार 5-5 हार मिली थीं।

साथ ही पंजाब का लखनऊ के खिलाफ दबदबा जारी रहा। टीम ने 2025 के बाद से लखनऊ के खिलाफ सभी 4 मुकाबले जीते हैं। लखनऊ में खेले गए पिछले 4 मैचों में यह पंजाब की तीसरी जीत भी रही।

श्रेयस ने लखनऊ के खिलाफ आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। इसके साथ ही वे रनचेज में शतक लगाने वाले चौथे कप्तान बन गए। उनसे पहले वीरेंद्र सहवाग (2011), विराट कोहली (2016), संजू सैमसन (2021) रन चेज में बतौर कप्तान IPL में शतक लगा चुके हैं।

इसके अलावा श्रेयस पंजाब के लिए शतक लगाने वाले तीसरे कप्तान भी बने। उनसे पहले केएल राहुल ने 2020 और एडम गिलक्रिस्ट ने 2011 में बेंगलुरु के खिलाफ शतक लगाए थे।

# पंजाब की उम्मीदें बरकरार, टॉप-4 में शामिल

## राजस्थान जीती तो प्लेऑफ खेलना पक्का, दिल्ली बाहर होने वाली चौथी टीम बनी

नई दिल्ली। IPL 2026 के लीग स्टेज में सिर्फ 2 मैच बाकी हैं, लेकिन अभी तक प्लेऑफ की 4 टीमें तय नहीं हुई हैं। शनिवार को पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को हराकर प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखी हैं। टीम 14 मैचों में 15 पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

पंजाब की इस जीत से दिल्ली प्लेऑफ से बाहर होने वाली चौथी टीम बन गई। उससे पहले लखनऊ, चेन्नई और मुंबई बाहर हो चुके हैं।

रविवार को राजस्थान रॉयल्स का आखिरी लीग मैच मुंबई इंडियंस से है। टीम जीत के साथ सीधे प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। वहीं, चौथे स्थान के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स की नजर अपनी जीत के साथ बाकी मुकाबलों पर भी रहेगी। पंजाब की



जीत से राजस्थान एक स्थान नीचे खिसककर 14 पॉइंट्स के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। टीम अगर मुंबई इंडियंस को हराती है तो सीधे प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। हार की स्थिति में टीम बाहर हो जाएगी। पंजाब की जीत के बाद दिल्ली टूर्नामेंट से बाहर होने वाली चौथी टीम बन गई। दिल्ली 12 पॉइंट्स के साथ आठवें स्थान पर है। मुंबई, चेन्नई और लखनऊ प्लेऑफ की रेस से पहले ही बाहर हो चुकी हैं। चेन्नई सातवें, मुंबई नौवें और लखनऊ आखिरी पायदान पर हैं।

**पंजाब किंग्स लखनऊ को 7 विकेट से हराकर पॉइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर आ गई है और 15 पॉइंट्स हो गए हैं। हालांकि टीम की प्लेऑफ की उम्मीदें अब भी राजस्थान रॉयल्स, मुंबई इंडियंस और कोलकाता के नतीजों पर निर्भर रहेंगी। अगर राजस्थान रविवार को मुंबई को हरा देती है, तो पंजाब प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी।**

बेंगलुरु और गुजरात के 18-18 पॉइंट्स हैं। बेहतर नेट रनरेट के आधार पर बेंगलुरु पहले और गुजरात दूसरे स्थान पर है। दोनों टीमें 26 मई को क्वालिफायर-1 में भिड़ेंगी।

हैदराबाद ने भी लीग स्टेज 18 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर खत्म किया। टीम अब एलिमिनेटर मुकाबला खेलेगी। क्वालिफायर-1 पॉइंट्स टेबल की टॉप-2 टीमों के बीच खेला जाता है। हारने वाली टीम को फाइनल में पहुंचने का एक और मौका मिलता है, जबकि जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाती है।

### कोलकाता की उम्मीदें जिंदा

कोलकाता के 13 पॉइंट्स हैं और टीम पॉइंट्स टेबल में छठे स्थान पर है। टीम को दिल्ली के खिलाफ बड़ी जीत के साथ राजस्थान की हार की भी दुआ करनी होगी। मुंबई अगर राजस्थान को हरा देती है, तो कोलकाता के पास भी मौका रहेगा। कोलकाता को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 200 रन बनाने पर 77 रन से जीत दर्ज करनी होगी। 180 रन का टारगेट मिलने पर करीब 12 ओवर में मैच खत्म करना होगा। अगर कोलकाता ऐसा नहीं कर पाती और राजस्थान हार जाता है, तो पंजाब प्लेऑफ में पहुंच जाएगी।



## 'चुनरी चुनरी' गाने के रीमेक पर किया रोस्ट, एक्टर ने शर्माते हुए कहा- भाई रहने दो

# वरुण ने मेरा एक और गाना उठा लिया : सलमान खान

मुंबई । शनिवार को आयोजित एक फिल्म फेस्टिवल में सलमान खान, डायरेक्टर डेविड धवन और वरुण धवन के साथ शामिल हुए। पीवीआर आईनॉक्स के इस इवेंट में सलमान खान ने वरुण धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में उनके आइकॉनिक गाने 'चुनरी चुनरी' को रीक्रिएट करने पर मजाक में उनकी खिंचाई की। सलमान की इस बात पर वरुण शर्माने लगे। अब इस बातचीत के वीडियो सामने आए हैं।

पीवीआर आईनॉक्स ने डायरेक्टर डेविड धवन के सिनेमाई सफर के सम्मान में इस खास फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया था। इवेंट में




सलमान खान ब्लैक टी-शर्ट, लेदर जैकेट और डेनिम जींस पहनकर पहुंचे थे। उनका यह लुक फैंस को 1990 के दशक के आखिरी और 2000 के दशक के शुरुआती दौर की याद दिला रहा था। इवेंट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर आए हैं, जिनमें डेविड धवन और वरुण धवन खुद सलमान को वेन्यू के अंदर ले जाते दिख रहे हैं। तीनों ने मीडिया के कैमरों के सामने कई पोज भी दिए। यह पहली बार नहीं है जब वरुण धवन ने सलमान खान के किसी पुराने लोकप्रिय गाने को अपनी फिल्म में शामिल किया है। इससे पहले वे सलमान की फिल्म 'जुड़वा' के दो गानों 'चलती है क्या 9 से 12' और 'ऊंची है बिल्डिंग' के रीमेक वर्जन पर परफॉर्म कर चुके हैं।

### सलमान बोले- इसने मेरा एक और गाना उठा लिया

कार्यक्रम के दौरान माहौल उस समय और मजेदार हो गया जब सलमान खान ने वहां मौजूद लोगों के सामने वरुण धवन का मजाक उड़ाया। सलमान ने वरुण की तरफ इशारा करते हुए कहा, इसने मेरा एक और गाना उठा लिया। सलमान की यह बात सुनकर वरुण धवन शर्मा गए और हंसने लगे। उन्होंने हाथ जोड़कर सलमान से कहा, भाई रहने दो।



### साल 1999 की फिल्म 'बीवी नंबर 1' का है गाना

सलमान खान का यह तंज साल 1999 में आई उनकी सुपरहिट फिल्म 'बीवी नंबर 1' के प्रसिद्ध गाने 'चुनरी चुनरी' को लेकर था। इस गाने को मूल रूप से सलमान खान और सुष्मिता सेन पर फिल्माया गया था। रिलीज के इतने साल बाद भी यह गाना दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय है। अब इस गाने को वरुण धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' के लिए दोबारा तैयार किया गया है। नए वर्जन में वरुण धवन के साथ पूजा हेगड़े और मृणाल ठाकुर नजर आने वाली हैं।



# कांस फेस्टिवल से ऐश्वर्या का तीसरा लुक सामने आया

## व्हाइट फेदर सूट में दिखीं एक्ट्रेस

कांस फिल्म फेस्टिवल से ऐश्वर्या राय बच्चन के तीन ग्लैमरस लुक सामने आ चुके हैं। फेस्टिवल की क्लोजिंग सेरेमनी में वे डिजाइनर चेनी चान के कस्टम फेदर सूट में नजर आईं। इसे डिजाइनर चेनी चान ने डिजाइन किया था। इससे पहले वे सैफायर ब्लू गाउन और पिंक ड्रेस में भी दिखाई दी थीं। उनके साथ बेटी आराध्या भी कांस पहुंची हैं, जिन्होंने अनऑफिशियली कांस में ग्लैमरस लुक में डेब्यू किया है।

ऐश्वर्या राय ने साल 2002 में कांस में डेब्यू किया था। इसके बाद से ही वो लगातार कांस में मौजूद रहती हैं। बीते साल ऐश्वर्या ने मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई सफेद-गोल्डन साड़ी पहनी थी। रेड डायमंड जूलरी और सिंदूर के साथ ऐश्वर्या बेहद खूबसूरत दिखीं। उनका ट्रेडिशनल लुक काफी चर्चा में रहा था।



## गलती से फुटबॉल से जोड़ दिया था क्रिकेटर का नाम, कहा- लोगों और उत्साह के बीच भूल हुई

# राम चरण ने जसप्रीत बुमराह से मांगी माफी

नई दिल्ली। साउथ फिल्म स्टार रामचरण अपनी आने वाली फिल्म 'पेड्डी' के म्यूजिक लॉन्च के लिए भोपाल पहुंचे थे। इस इवेंट में उनके साथ एआर रहमान और जान्हवी कपूर भी मौजूद थे। बातचीत के दौरान रामचरण ने भारतीय क्रिकेटरों की तारीफ की, लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का जिक्र करते हुए उनसे एक भूल हो गई।

उन्होंने क्रिकेट की जगह गलती से फुटबॉल से जोड़ दिया। इसका वीडियो सामने आने के बाद रामचरण ने तुरंत बुमराह से माफी मांगी और इसे भीड़ के बीच हुई उत्साह में हुई गलती बताया है। वहीं कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश को बिहार कहकर पुकारा। जब वे स्टेज से जनता को संबोधित कर रहे थे, तब उन्होंने कहा हमारे, बिहार के लोगों को, बिहार के लोग, मेरे आप साथ हो आप? वीडियो सामने आने के बाद रामचरण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर कर बुमराह से माफी मांगी। उन्होंने लिखा, ₹उफ्फ... मैं कभी-कभी नामों को लेकर चीजें भूल जाता हूं। इस गड़बड़ी के लिए जसप्रीत बुमराह जी से माफी मांगता हूं। इतने उत्साह और भारी भीड़ के बीच यह सिर्फ एक इंसानी भूल थी। रामचरण ने आगे लिखा कि वे बुमराह का बहुत सम्मान करते हैं और उनके खेल की सराहना करते हैं। हालांकि रामचरण की इस गलती के बाद उनके की फैंस उनका सपोर्ट करते दिखाई दिए। एक यूजर ने लिखा कि "रामचरण ने बुमराह को फुटबॉल का लेजेंड बना दिया। लेकिन मुझे पसंद आया जिस आत्मविश्वास के साथ उन्होंने ये बात कही।"




### क्रिकेटरों को बताया लीजेंड और फायर

भोपाल में हुए इस कार्यक्रम के दौरान रामचरण से भारतीय क्रिकेटरों को कुछ शब्दों में बताने के लिए कहा गया था। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के करियर को 'लंबा और महान सफर' बताया। महेंद्र सिंह धोनी को 'शांत और कूल' कहा, जबकि रोहित शर्मा को 'हर किसी का पसंदीदा इंसान' बताया। विराट कोहली का नाम सामने आने पर उन्होंने सिर्फ एक शब्द 'फायर' कहा।

# जैकी श्रॉफ ने किया पीएम मोदी की अपील का समर्थन

**कहा- दुनियाभर में संकट, यहां लोग अब भी आराम से खा-पी रहे पेट्रोल-डीजल बचाएं**

नई दिल्ली, एजेंसी



बॉलीवुड एक्टर जैकी श्रॉफ ने पीएम मोदी की पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम करने की अपील का समर्थन किया है। जैकी ने लोगों से ईंधन बचाने और संसाधनों का समझदारी से इस्तेमाल करने की अपील की है। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि इस समय दुनिया भर के कई देशों में आर्थिक और संसाधनों का संकट चल रहा है, जबकि भारत में स्थिति काफी बेहतर है। जैकी श्रॉफ के मुताबिक, जब देश में पेट्रोल और गैस जैसी जरूरी चीजें आसानी से मिल रही हैं, तो नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और फिजूलखर्ची से बचना चाहिए। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में जैकी श्रॉफ मीडिया के सवालों का जवाब देते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में हालात खराब हैं, लेकिन हिंदुस्तान में लोग अब भी आराम से खा-पी रहे हैं। एक्टर ने कहा कि जब हमें बिना किसी परेशानी के पेट्रोल और गैस मिल रही है, तो हमें शिकायत करने के बजाय चीजों को संभालकर इस्तेमाल करना सीखना चाहिए।

इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि आज के समय में पेट्रोल, गैस और डीजल का इस्तेमाल कम करना होगा। पड़ोस में चल रहे युद्ध के असर से दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल के दाम कई गुना बढ़ गए हैं।

## कहा- ये मौजूदा डील का हिस्सा नहीं ■ ट्रम्प ने कल कहा था- इसे लेकर रहेंगे

# दावा : ईरान का अमेरिका को यूरेनियम सौंपने से इनकार

**असहमति**

तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी



> हाल के दिनों में कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ईरान अपना यूरेनियम भंडार छोड़ने को तैयार हो गया है। हालांकि अब ईरानी पक्ष ने इन खबरों को खारिज कर दिया है।

ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अपना हाईली एनरिच्ड यूरेनियम भंडार अमेरिका को नहीं सौंपेगा। रॉयटर्स के मुताबिक, एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने कहा है कि मौजूदा शुरुआती समझौते में परमाणु मुद्दा शामिल ही नहीं है। सूत्र के मुताबिक, ईरान के परमाणु कार्यक्रम और यूरेनियम भंडार पर बातचीत बाद में अंतिम समझौते के दौरान होगी। फिलहाल ऐसा कोई फैसला नहीं हुआ है कि यूरेनियम देश से बाहर भेजा जाएगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कल कहा था कि अमेरिका ईरान को हाईली एनरिच्ड यूरेनियम रखने नहीं देगा। उन्होंने कहा था कि हम उसे हासिल करेंगे, इसे ईरान को नहीं रखने देंगे। अमेरिका ईमानदार नहीं- ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने आसिम मुनीर से मुलाकात में कहा कि अमेरिका ईमानदारी नहीं दिखा रहा, ईरान अपने अधिकारों पर समझौता नहीं करेगा। ईरान वार्ता में इजराइल की भूमिका घटी- न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प सरकार ने ईरान वार्ता में इजराइल की भूमिका सीमित कर दी, जिससे प्रधानमंत्री नेतन्याहू को बड़ा राजनीतिक झटका लगा।

### रिपोर्ट- ईरान एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने को अभी तैयार नहीं

एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने रॉयटर्स से कहा है कि तेहरान ने अपने एनरिच्ड यूरेनियम को सौंपने पर सहमति नहीं दी है। अधिकारी के मुताबिक ईरान का परमाणु कार्यक्रम अभी अमेरिका के साथ शुरुआती समझौते का हिस्सा नहीं है।

उन्होंने कहा कि परमाणु मुद्दे पर अंतिम समझौते के लिए आगे बातचीत होगी, इसलिए यह मौजूदा डील में शामिल नहीं है। यह बयान ऐसे समय आया है जब न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दावा किया था कि ईरान यूरेनियम छोड़ने पर सहमत हो गया है।

हालांकि रिपोर्ट में कहा गया था कि इसे कैसे और किस प्रक्रिया के तहत हटाया जाएगा, इसका फैसला बाद की बातचीत में किया जाएगा।



### ईरानी फुटबॉल टीम का बेस कैंप अमेरिका से मेक्सिको शिफ्ट, जंग के कारण फैसला

ईरान ने अपना बेस कैंप अमेरिका से मेक्सिको में ट्रांसफर कर दिया है। ईरान फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मेहदी ताज ने शनिवार को यह जानकारी दी। हालांकि, अभी तक फीफा ने इसकी पुष्टि नहीं की है। ईरान को एरिजोना के टक्सन में ट्रेनिंग शिविर लगाना था, लेकिन मिडिल-ईस्ट में युद्ध और सुरक्षा चिंताओं के कारण इसे कहीं और ट्रांसफर करने की चर्चा थी। टक्सन के कीनो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के अधिकारियों ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। ईरानी एसोसिएशन का कहना है कि टीम अब सैन डिएगो के दक्षिण में स्थित मेक्सिको के तिजुआना में ठहरेगी। वर्ल्ड कप 11 जून से 19 जुलाई तक चलेगा। अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको इसकी मेजबानी कर रहे हैं।

## 'डील काफी हद तक तय, एनरिच्ड यूरेनियम सौंपेगा ईरान'

### ट्रंप ने होर्मुज खुलने का किया दावा, ईरान ने दिया जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि इजरायल और अन्य सहयोगी देशों के साथ बातचीत के बाद ईरान के साथ एक शांति समझौता काफी हद तक तय हो गया है। ट्रंप के अनुसार, औपचारिक घोषणा से पहले समझौते के अंतिम विवरणों पर चर्चा की जा रही है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, ₹एक समझौता काफी हद तक तय हो गया है, जिसे संयुक्त राज्य अमेरिका, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान और सूची में शामिल अन्य विभिन्न देशों के बीच अंतिम रूप दिया जाना बाकी है।₹ उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से अलग से बात की जो बहुत अच्छी रही।

उन्होंने इसे शांति से संबंधित एक समझौता ज्ञापन बताया, जिसे अभी भी संयुक्त राज्य अमेरिका, ईरान और शनिवार की बातचीत में शामिल अन्य देशों द्वारा अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा, ₹इस चरण पर हमारा ध्यान थोपे गए युद्ध को समाप्त करने पर है। हमारा इरादा सबसे पहले 14 बिंदुओं वाले एक समझौते पर सहमति बनाना रहा है। जिन मुद्दों पर चर्चा हो रही है, उनका मुख्य उद्देश्य युद्ध को समाप्त करना है (जिसमें लेबनान सहित सभी मोर्चे शामिल हैं)। प्रमुख विषयों में अमेरिकी समुद्री हमलों को रोकना या जिसे वे खुद नौसैनिक नाकाबंदी कहते हैं और ईरान की जब्त संपत्तियों की रिहाई से जुड़े अन्य मुद्दे शामिल हैं।

## माइनिंग ब्लास्ट में कई लोगों की मौत पर पीएम मोदी ने जताई थी संवेदना

नई दिल्ली, एजेंसी



चीन ने अपने शांक्सी प्रांत में हुए भीषण कोयला खदान हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा व्यक्त की गई संवेदनाओं के लिए भारत का आभार व्यक्त किया है। इस दर्दनाक हादसे में कम से कम कई लोगों की जान जा चुकी है और दो लोग अभी भी लापता हैं।

भारत में चीन के राजदूत जू फेईहोंग ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी के पोस्ट का जवाब देते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में भारत की सहानुभूति और समर्थन को बेहद मूल्यवान माना जाता है।

चीनी राजदूत जू फेईहोंग ने पीएम मोदी के संदेश के लिए उनका धन्यवाद करते हुए एक्स पर लिखा कि शांक्सी प्रांत में खदान दुर्घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवेदना संदेश के लिए हम उनकी सराहना करते हैं।

इस कठिन समय में भारत के लोगों की सहानुभूति और समर्थन को बेहद मूल्यवान माना जाता है। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों, लापता लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। हम बचाव और राहत कार्यों में हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

इससे पहले शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग को इस हादसे पर अपना शोक संदेश भेजा था। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा था कि चीन के शांक्सी प्रांत में एक खदान दुर्घटना में लोगों की मौत से दुखी हूं। भारत के लोगों की ओर से, राष्ट्रपति शी चिनफिंग और चीन के लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ईश्वर शोक संतप्त परिवारों को इस दुखद घड़ी में शक्ति प्रदान करे। मैं शेष सभी लापता व्यक्तियों के शीघ्र और सुरक्षित बाहर आने की प्रार्थना करता हूं।

## ट्रम्प अंदर मौजूद थे सुरक्षाबलों ने संदिग्ध को गोली मारी, मौत, ट्रम्प की बेटी को भी हत्या की धमकी मिली थी

# व्हाइट हाउस के पास फायरिंग

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी में एक संदिग्ध शख्स ने व्हाइट हाउस के पास करीब 30 राउंड फायरिंग की। भारतीय समयानुसार यह घटना शनिवार रात करीब 3:30 बजे से सुबह 5 बजे के बीच हुई। घटना के समय अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प व्हाइट हाउस के अंदर मौजूद थे।

रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस के पास संदिग्ध हमलावर ने सिक्योरिटी चेकपॉइंट पर गोलियां चलाईं, जहां US सीक्रेट सर्विस के अधिकारी तैनात थे।

अफसरों की जवाबी कार्रवाई में हमलावर को गोली लगी। हॉस्पिटल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। युवक की पहचान 21 साल के नासिर बेस्ट के तौर पर हुई है। वह अमेरिका के मैरीलैंड राज्य का रहने वाला था।

इस गोलीबारी में एक आम नागरिक भी गोली लगने से घायल हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि अभी यह साफ नहीं है कि उसे हमलावर की गोली लगी या जवाबी फायरिंग के दौरान चोट पहुंची। घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है।



■ वॉशिंगटन में 17th स्ट्रीट और पेन्सिलवेनिया एवेन्यू NW के चौराहे के पास फायरिंग के बाद सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है।

गोलीबारी के बाद व्हाइट हाउस परिसर में अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद पत्रकारों और स्टाफ को तुरंत सुरक्षित जगहों पर ले जाया गया। सीक्रेट सर्विस एजेंट्स हथियारों के साथ पूरे इलाके में तैनात हो गए और करीब 40 मिनट तक लॉकडाउन जैसी स्थिति रही। FBI, सीक्रेट सर्विस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने इलाके को घेर लिया और जांच शुरू कर दी। व्हाइट हाउस कॉम्प्लेक्स के नॉर्थ लॉन को खाली करा दिया गया है। FBI डायरेक्टर काश पटेल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सुरक्षा एजेंसियां फायरिंग की खबर पर कार्रवाई कर रही हैं।



> इस घटना से कुछ दिन पहले ही राष्ट्रपति ट्रम्प की बेटी को भी हत्या की धमकी मिली थी। इस मामले में एक इराकी युवक को गिरफ्तार किया गया था। वह ईरानी सेना से जुड़ा हुआ था। आरोपी के पास इवांका और उनके पति जैरेड कुशनर के फ्लोरिडा स्थित घर का ब्लूप्रिंट यानी नक्शा भी मिला था।

### रिपोर्ट- हमलावर खुद को जीजस मानता था

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नासिर बेस्ट मानसिक रूप से परेशान था और वह पहले भी कई बार व्हाइट हाउस के आसपास देखा गया था। उसके खिलाफ कोर्ट का आदेश था कि वह व्हाइट हाउस के पास नहीं आए, लेकिन उसने इस आदेश को नहीं माना। रिपोर्ट के मुताबिक, 26 जून 2025 को उसने सड़क पर गाड़ियों का रास्ता रोक दिया था। इसके बाद उसे इलाज के लिए मेंटल हेल्थ सेंटर भेजा गया था। करीब दो हफ्ते बाद, 10 जुलाई 2025 को वह व्हाइट हाउस के प्रतिबंधित इलाके में घुसने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया था।

## नई जॉब नहीं, एच-1बी पर गए थे, ट्रम्प के सख्त नियम से अब डिपोर्ट का खतरा

# अमेरिका में 15 हजार भारतीयों की छंटनी

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में 15 हजार भारतीय टेक कर्मियों की नौकरी जाने के बाद उनके सामने संकट खड़ा हो गया है। अब उनपर डिपोर्टेशन का खतरा मंडरा रहा है। दरअसल, ये सभी एच-1बी वीजा पर अमेरिका गए थे, लेकिन छंटनी के बाद इनके पास नई नौकरी ढूंढने व वीजा स्टेटस बचाने के लिए सीमित समय बचा है।

नियमों के तहत नौकरी जाने के बाद इन्हें 60 दिनों में नई नौकरी खोजनी होगी। इस दौरान नया एम्प्लॉयर या स्पॉन्सर नहीं मिला, तो अमेरिका छोड़ना पड़ेगा। बीते दिनों मेटा, अमेजन और ओरेकल जैसी बड़ी टेक कंपनियों में करीब 50 हजार लोगों की छंटनी और रिस्ट्रक्चरिंग हुई है। इनमें 15 हजार से ज्यादा भारतीय हैं। ट्रम्प प्रशासन ने ग्रीन कार्ड प्रक्रिया सख्त कर दी है। आवेदक को अपने देश जाकर आवेदन करना होगा। अभी अमेरिका में रहते हुए 'एडजस्टमेंट ऑफ स्टेटस' से ग्रीन कार्ड मिलता था। एच-1बी जैसे अस्थायी वीजा पर काम कर रहे भारतीयों पर बड़ा असर पड़ेगा। 5 साल में 49.97 लाख ग्रीन कार्ड जारी। इनमें 29.32 लाख अमेरिका में रहते हुए व 20.63 लाख होम कंट्री में रहते हुए आवेदन करने वालों को मिले। 2014 से 2023 के बीच कुल 7.26 लाख भारतीयों को ग्रीन कार्ड मिला।




### नौकरी जाने पर उसी सेक्टर जॉब जरूरी

पहले नौकरी जाने पर टेक कर्मियों को जल्दी नया मौका मिलता था, पर अब इंटरव्यू लंबा खिंच रहा है। कंपनियां वीजा स्पॉन्सर करने से बच रही हैं और ट्रम्प की नई नीतियों के चलते उनके पास वीजा कोटा भी कम है। ट्रम्प प्रशासन की सख्त इमिग्रेशन नीति ने भी डर को बढ़ाया है। छोटी गलती, दस्तावेजों की कमी या वीजा नियमों में चूक भी खतरा बन रही है। अब नौकरी जाने पर उसी सेक्टर और उसी स्तर व सैलरी ब्रैकेट की नौकरी मिलनी चाहिए। यानी सॉफ्टवेयर इंजीनियर होटल में शेफ बनकर एच-1बी स्टेटस नहीं बचा सकता। अब कंपनी को भी ज्यादा दस्तावेज देने पड़ रहे हैं। उन्हें बताना पड़ रहा है कि इस पद के लिए अमेरिकी क्यों नहीं मिला।

### घबराहट ज्यादा, बच्चों की पढ़ाई छूटने का डर सताया

सैन फ्रांसिस्को में रह रहे बिहार के बिजयंत सिंह कहते हैं कि लोग बाहर से शांत हैं, लेकिन अंदर घबराहट काफी ज्यादा है। उनके मुताबिक, बच्चों की पढ़ाई, घर के लोन और जीवनसाथी के वीजा जैसी चीजें संकट में आ गई हैं। कई परिवार अब बैकअप प्लान बना रहे हैं।

## हाइपरसोनिक ओरेश्निक सहित चार प्रकार की मिसाइलों का उपयोग

# रूस ने यूक्रेन पर दागी मिसाइलें

नई दिल्ली, एजेंसी



रविवार को रूस ने यूक्रेन पर रात भर हमले किए, जिसमें हाइपरसोनिक ओरेश्निक समेत चार तरह की मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। मॉस्को ने इसे रूस के अंदर नागरिक ठिकानों पर कीव के हमलों का बदला बताया।

रूस की सरकारी समाचार एजेंसियों के अनुसार, इन हमलों में ओरेश्निक, इस्कंदर, किंझल और जिरकॉन मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। इंटरफैक्स ने रूसी रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि इन हमलों यूक्रेन के सैन्य कमांड केंद्र, हवाई अड्डे और यूक्रेन के सैन्य-औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों को निशाना बनाया गया। यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस के अस्त्रखान इलाके में मौजूद कास्पुतिन यार साइट से एक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की गई। यह साइट ओरेश्निक मिसाइल के लॉन्च पैड के तौर पर जानी जाती है। वायु सेना ने आधिकारिक तौर पर इस मिसाइल के इस्तेमाल की पुष्टि नहीं की, लेकिन इससे पहले उसने इसके संभावित लॉन्च को लेकर चेतावनी दी थी। स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, इन हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 56 अन्य घायल हो गए।

### 600 ड्रोन और 90 मिसाइलों से हमला

टेलीग्राम पर एक पोस्ट में जेलेंस्की ने बताया कि यह मिसाइल कीव क्षेत्र के बिला त्सेर्कवा शहर में गिरी। हालांकि इसका असली निशाना क्या था यह तुरंत साफ नहीं हो पाया। यूक्रेन की वायु सेना के अनुसार, कीव पर रात भर चले इस हमले में 600 ड्रोन और 90 हवाई, समुद्री और जमीन से दागी जाने वाली मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया।

> ■ मॉस्को ने दावा किया कि सभी हमले सफल रहे। रॉयटर्स युद्ध के मैदान से मिली इन रिपोर्टों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने कीव पर रात भर किए गए बड़े हमले के दौरान हाइपरसोनिक ओरेश्निक बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया।

**फास्ट न्यूज**

### पश्चिम एशिया संकटः प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ट्रंप को फिर लगाया मक्खन

इस्लामाबाद। दुनिया भर में चल रहे तेल के संकट और मंदी के बीच एक बहुत बड़ी खबर आ रही है। अमेरिका और ईरान के बीच बरसों पुराना झगड़ा अब खत्म होने वाला है। दावा किया जा रहा है कि दोनों देश एक ऐतिहासिक शांति समझौते के बिल्कुल करीब पहुंच गए हैं।

### तुर्किये के मुख्य विपक्षी दल में नेतृत्व को लेकर टकराव, पार्टी मुख्यालय के बाहर भिड़े समर्थक

अंकारा। अदालत के आदेश के बाद तुर्किये की मुख्य विपक्षी पार्टी में नेतृत्व को लेकर टकराव की स्थिति बन गई है। रविवार को पार्टी मुख्यालय के बाहर पार्टी के सदस्य आमने-सामने डटे रहे। अधिकांश सदस्यों ने अदालत के आदेश से लाए गए नए नेतृत्व को अंदर प्रवेश करने से रोक दिया। रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी यानी सीएचपी में यह विवाद गुरुवार से बढ़ गया है। अपील अदालत ने नवंबर 2023 में हुए पार्टी सम्मेलन को रद्द कर दिया, जिसमें ओजगुर ओजेल को केमाल किलिचदारोग्लू की जगह पार्टी अध्यक्ष चुना गया था।

### कांगो में इबोला का खतरा बढ़ा

किंशासा । कांगो के पूर्वी हिस्से में इबोला संकट और गहरा गया है। मोंगबवालु में गुस्साए लोगों ने इलाज केंद्र में आग लगा दी, जिसके बाद 18 संदिग्ध मरीज भाग निकले। एक सप्ताह में यह दूसरा हमला है। डब्ल्यूएचओ ने कांगो में इबोला के खतरे को "बहुत उच्च" बताया है। अब तक 82 मामलों और सात मौतों की पुष्टि हुई है, जबकि 750 संदिग्ध मामले सामने आए हैं।

## ट्रम्प का दावा : ईरान जंग खत्म करने का समझौता लगभग फाइनल, मुस्लिम देशों के नेताओं से बात की

# सस्ता हो सकता है क्रूड ऑयल

वॉशिंगटन, एजेंसी

यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान जंग खत्म करने का समझौता 'लगभग फाइनल' हो चुका है। दोनों देशों के बीच अभी आखिरी डिटेल्स पर काम चल रहा है। खाड़ी देशों के नेताओं और इजरायली प्रधानमंत्री से बातचीत के बाद ये समझौता फाइनल हो रहा है।

ट्रम्प ने कहा कि समझौते के तहत स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज को फिर से खोला जाएगा। यह वही समुद्री रास्ता है जहां से दुनिया की कुल तेल सप्लाई का करीब पांचवां हिस्सा गुजरता है। इस खबर के आने के बाद अब सोमवार को क्रूड ऑयल की कीमतों में गिरावट आ सकती है।

एक तरफ जहां पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल मतभेदों को कम करने के लिए तेहरान में है, वहीं ईरान ने ट्रम्प प्रशासन की विश्वसनीयता पर शक जताया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा, ₹हम कह सकते हैं कि हम समझौते के बहुत दूर भी हैं और बहुत करीब भी। हमारे पास अमेरिकी पक्ष का पुराना अनुभव है, जो अपनी ही बातों का खंडन करता है और रुख बदल लेता है। हम पूरी तरह आश्वस्त नहीं हो सकते कि उनका यह नजरिया फिर नहीं बदलेगा। ट्रम्प ने जंग खत्म करने को लेकर पहले भी कई दावे किए हैं, लेकिन इस बार भी यह साफ नहीं है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम का कोई समाधान निकला है या नहीं।



### 28 फरवरी को शुरू हुई थी जंग, अप्रैल में हुआ था सीजफायर

मिडिल ईस्ट में यह विवाद तब बढ़ा था, जब 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान पर बड़े हवाई हमले किए थे। इसके जवाब में ईरान ने भी इजराइल और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर हमले किए। इसके बाद अप्रैल की शुरुआत में दोनों देश युद्धविराम के लिए राजी हुए और तब से पर्दे के पीछे से शांति समझौते की बातचीत चल रही है।

### राष्ट्रपति ट्रम्प ने ओवल ऑफिस से एक जॉइंट कॉल की। इसमें उन्होंने मुस्लिम देशों के नेताओं से बात की।

- सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान
- यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान
- कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी
- पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर
- तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन
- मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी
- जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय
- बहरीन के राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा
- इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से अलग से बात की
- ईरान को अमेरिका पर भरोसा नहीं, कहा- रुख बदल लेते हैं

# 'मुझे बेवकूफ नहीं, एक जबरदस्त तानाशाह कहो'

### डोनल्ड ट्रंप ने दिया बयान

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क में एक रैली के दौरान अपने आलोचकों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें मूर्ख कहलाना सबसे बड़ा अपमान लगता है, जबकि शानदार तानाशाह कहलाने में उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। 79 वर्षीय ट्रंप ने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए खुलासा किया कि वे इस शब्द से इतना नफरत करते हैं कि खुद को सही साबित करने के लिए उन्होंने अपने डॉक्टर से संज्ञानात्मक टेस्ट कराने तक की मांग कर डाली थी।

ट्रंप ने भीड़ से कहा कि मैं सबसे चतुर इंसान हूं जिससे आप कभी मिलेंगे। इसके बाद उन्होंने सवाल किया कि और क्या आप नहीं चाहेंगे कि समझदार व्यक्ति आपका राष्ट्रपति बने?

हालांकि, यह रैली मुख्य रूप से महंगाई और जीवन-यापन से जुड़े विषयों पर होनी थी, लेकिन ट्रंप अपनी मानसिक फिटनेस को लेकर हुए विवाद के बाद अपने डॉक्टर के साथ हुई एक बातचीत का जिक्र करने लगे। ट्रंप ने शिकायत करते हुए कहा कि उन्होंने मुझ पर बहुत ही खराब तंज कसा है, वह एक मूर्ख व्यक्ति है।

इस बातचीत को याद करते हुए रिपब्लिकन नेता ने आगे कहा कि मैंने कहा, 'डॉक्टर, मुझे शानदार तानाशाह कहलाने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन मैं मूर्ख नहीं कहलाना चाहता।'

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96